**अमृत वाणी**

दुनिया का सबसे अच्छा तोहफा वक्त है, क्योंकि जब आप किसी को अपना वक्त देते हैं तो आप उसे अपनी जिन्दगी का वह पल देते हैं जो कभी लौटकर नहीं आता।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या
वर्ष: 36 अंक 42
वृहस्पतिवार, 22 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 36°C | न्यूनतम 28°C

मूल्य 2 रुपए   पृष्ठ- 06   अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित   www.tarunmitra.in


# वक्फ इस्लाम का जरूरी हिस्सा नहीं, सिर्फ दान है : केन्द्र

**सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने पेश की दलील**

**दिल्ली, 21 मई।** केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह धर्म का अनिवार्य या अनिवार्य हिस्सा नहीं है। सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वक्फ कानूनों की वैधता और कार्यप्रणाली को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चल रही सुनवाई के दौरान यह दलील दी। मेहता ने पीठ से कहा कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि दान सभी धर्मों की विशेषता है। यहां तक ??कि ईसाई भी इसका पालन कर सकते हैं। हिंदू धर्म में दान की एक संरचित प्रणाली है। सिख समुदाय भी इसी तरह की प्रथाओं का पालन करता है। वक्फ संस्थाओं के एक सदी से भी पुराने होने के दावों का खंडन करते हुए मेहता ने कहा, हमें 100 साल पहले की संपत्ति के दस्तावेज कहां मिलेंगे? यह गलत तरीके से पेश किया जा रहा है कि इस तरह के दस्तावेज कभी जरूरी नहीं थे। अगर आप 100 साल से पहले के वक्फ स्टेटस का दावा करते हैं, तो कम से कम पिछले पांच साल के रिकॉर्ड तो पेश करें। उन्होंने कहा कि दस्तावेज हमेशा से महत्वपूर्ण रहे हैं और कानून के तहत प्रक्रिया की पवित्रता से जुड़े रहे हैं। मेहता ने कहा कि 1923 के अधिनियम में कहा गया है कि अगर दस्तावेज मौजूद हैं, तो उन्हें प्रस्तुत किया जाना चाहिए। अन्यथा, उत्पत्ति के बारे में जो भी जानकारी है, उसे प्रस्तुत किया जाना चाहिए। वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की मौजूदगी का बचाव करते हुए मेहता ने कहा कि उनके शामिल होने से धार्मिक गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि अगर दो गैर-मुस्लिम सदस्य हैं तो इससे क्या फर्क पड़ता है? वे धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करते हैं। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि वक्फ बोर्ड की भूमिका प्रशासनिक है। उन्होंने बताया, वक्फ बोर्ड धर्मनिरपेक्ष कार्य करता है। जैसे संपत्तियों का प्रबंधन और खातों को बनाए रखना, जो ऑडिट के अधीन भी हैं।

# पाकिस्तान में सिंध के गृहमंत्री का घर जलाया

**सिंधु नदी का पानी डायवर्ट करने की स्कीम के खिलाफ प्रदर्शन, इसी दौरान भड़की हिंसा**

**इस्लामाबाद, 21 मई।** पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया। प्रदर्शनकारियों ने घर की सुरक्षा में तैनात गार्ड्स को भी पीटा। रिपोर्ट के मुताबिक सिंध के नौशेहरो फिरोज जिले में मंगलवार को पुलिस और एक राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई थी। इसमें कम से कम 2 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा दोनों तरफ के कई लोग भी घायल हो गए।

पाकिस्तान सरकार की योजना सिंध नदी पर नहर बनाने की है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। उनका कहना है कि सरकार उनकी जमीन और पानी छीन रही है। जब प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना देने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके तनाव बढ़ गया। नाराज होकर लोगों ने सिंध के गृह मंत्री के घर पर हमला कर दिया था। प्रदर्शनकारियों ने कुछ ट्रकों को लूट लिया और उनमें से कुछ को आग लगा दी।पाकिस्तानी वेबसाइट जियो टीवी के मुताबिक सरकार की योजना सिंध नदीं



पर नहरें बनाकर चोलिस्तान में हजारों एकड़ बंजर जमीन पर खेती करने की है। इसकी लागत करीब 211 अरब रुपए ( ?63 अरब) है। हालांकि बिलावल भुट्टो की पार्टी PPP इसके खिलाफ है। उनका कहना है कि सिंध को इससे नुकसान होगा और उनका पानी छीन लिया जाएगा। कुछ हफ्ते पहले एक समिति (काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट - CCI) ने भी इस प्रोजेक्ट को खारिज कर दिया था। उनका कहना था कि जब तक सभी राज्यों (प्रांतों) की आपसी सहमति नहीं होगी, तब तक कोई नई नहर नहीं बनेगी।

इसके बावजूद सिंध में विरोध प्रदर्शन जारी हैं। मंगलवार को जब प्रदर्शनकारियों ने हाईवे पर धरना देने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए बल प्रयोग किया। जवाब में लोगों ने पत्थर फेंके। इस झड़प में एक पुलिस अधिकारी (एसएचओ) और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि पांच प्रदर्शनकारियों को भी चोटें आईं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि स्थिति अब काबू में है। वहीं गृह मंत्री लंजर ने घटना पर नाराजगी जताई है और सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के कानून को चुनौती देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने भी मंत्री के घर पर हमले की निंदा की है और इसे 'आतंकी हमला' बताया है। उन्होंने कहा कि विरोध के नाम पर हिंसा फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# यूट्यूबर ज्योति की पाक एजेंट से खुफिया चैट वायरल

**ज्योति ने पाकिस्तानी अधिकारी से कहा था मेरी शादी पाकिस्तान में करा दीजिए**

**हिसार, 21 मई।** हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा, जिस पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप है, ने कथित तौर पर एक पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी से बातचीत की थी और उनसे उसकी शादी तय करने के लिए कहा था। ट्रैवल विद जो नामक यूट्यूब चैनल चलाने वाली मल्होत्रा को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया था, जब पता चला कि वह एक पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी के संपर्क में थी और कथित तौर पर उसके साथ सूचनाएं साझा करती थी। बाद में उसने एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश नामक अधिकारी के संपर्क में होने की बात कबूल की। सूत्रों के अनुसार, व्हाट्सएप पर बातचीत में उसने कथित तौर पर पाकिस्तानी अधिकारी से कहा था कि मेरी शादी पाकिस्तान में करवा दो। जांच के दौरान पुलिस को मल्होत्रा के चार बैंक खातों के बारे में भी जानकारी मिली, जिसमें दुबई से लेन-देन किए गए थे। पुलिस ने कहा कि यह रकम उनकी अनुमानित आय से ज़्यादा थी और वे डेटा का विश्लेषण कर रहे थे। दानिश को भारत द्वारा अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया था। उसने मल्होत्रा को अली अहवान से मिलवाया, जिसने उसके रहने की व्यवस्था की और पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों शाकिर और राणा शाहबाज़ के साथ आगे की बैठकों की व्यवस्था की। वह कथित तौर पर उसे एक संपत्ति के रूप में विकसित कर रहा था। ज्योति मल्होत्रा, जिनके इंस्टाग्राम पर एक लाख से ज़्यादा फ़ॉलोअर्स हैं, दो बार पाकिस्तान जा चुकी हैं, जिस दौरान उनका संपर्क दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक अधिकारी से हुआ था। ट्रैवल यूट्यूबर से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के अधिकारियों ने पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्स (पीआईओ) से उनके संदिग्ध संबंधों के बारे में पूछताछ की।

# छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में 27 नक्सलियों का एनकाउंटर

**डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली ढेर, 20 शव और हथियार बरामद, 1 जवान शहीद**

**जगदलपुर, 21 मई।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगल में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी 27 शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में 1.5 करोड़ का इनामी बसवा राजू भी शामिल है। वहीं फायरिंग में DRG (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान शहीद हो गया है। दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जिले की सरहद पर मुठभेड़ चल रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के बोटेर में नक्सलियों का पोलित ब्यूरो सदस्य और नक्सल संगठन का महासचिव बसवा राजू मौजूद है। इसी आधार पर फोर्स को रवाना किया गया था। अबूझमाड़ के बोटेर पहुंचते ही जवानों पर नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों के इस ऑपरेशन को प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने बड़ी कामयाबी बताया है। पुलिस ने 7 दिन



पहले ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर करेंगुट्टा ऑपरेशन की जानकारी दी थी। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर स्थित करेंगुट्टा के पहाड़ों पर सुरक्षाबलों ने 24 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें 16 महिला और 15 पुरुष नक्सली शामिल हैं। नक्सल सूत्रों के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में करीब 40 सालों में हिड़मा ही इकलौता ऐसा नक्सली है जिसे संगठन के टॉप-2 टीम (सेंट्रल कमेटी) में जगह मिली है। वो भी तब जब नक्सल संगठन में अंदरूनी कलह चली और नक्सलियों को सिर्फ ढाल के रूप में इस्तेमाल करने की बात उठने लगी। वहीं DVCM (डिविजनल कमेटी मेंबर) के पद से देवा बारसे का प्रमोशन कर उसे DKSZCM (दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर) कैडर में शामिल कर कमांडर बनाया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं।

# कोलकाता के आसमान में दिखे रहस्यमयी ड्रोन, जांच जुटी सेना और पुलिस

**कोलकाता, 21 मई।** कोलकाता के आसमान में ड्रोन जैसी कई वस्तुएं उड़ती देखी गईं, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि सोमवार रात को हेस्टिंग्स क्षेत्र, विद्यासागर सेतु और मैदान के ऊपर कम से कम 8-10 ड्रोन संदिग्ध वस्तुएं उड़ती देखी गईं। इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अधिकारियों को सतर्क रहने को कहा है। केंद्र सरकार ने इस घटना पर राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। रक्षा मंत्रालय के पूर्वी कमान के जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु तिवारी ने एक बयान में कहा कि कोलकाता के ऊपर ड्रोन देखे जाने की रिपोर्ट मिली है और फिलहाल इसकी जांच की जा रही है। इस घटना की सत्यता का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। तथ्यों के सामने आने पर आगे की जानकारी साझा की जाएगी। इस बीच, मीडिया से अटकलों से बचने का आग्रह किया जाता है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि



ड्रोन जैसी दिखने वाली इन उड़ती हुई वस्तुओं को सबसे पहले हेस्टिंग्स पुलिस स्टेशन के कर्मियों ने देखा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, ये ड्रोन जैसी वस्तुएं सोमवार देर रात दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतला की दिशा से उड़ती हुई देखी गईं। वे हेस्टिंग्स क्षेत्र, द्वितीय हुगली ब्रिज (विद्यासागर सेतु) और फोर्ट विलियम (सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय) के ऊपर मंडराती रहीं। कोलकाता के पार्क सर्कस क्षेत्र में अज्ञात ड्रोन जैसी वस्तुएं मंडराती देखी गईं। इन वस्तुओं के देखे जाने के बाद स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और कोलकाता पुलिस के डिटेक्टिव डिपार्टमेंट ने जासूसी सहित सभी संभावित कोणों की जांच शुरू कर दी है। अधिकारी ने कहा कि हम जासूसी की संभावना सहित सभी कोणों से मामले की जांच कर रहे हैं। इस बीच, सीएम ममता बनर्जी ने राज्य के उत्तरी हिस्से में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को रणनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र में सीमा पार से होने वाले खतरों के प्रति सतर्क रहने का निर्देश दिया है। बनर्जी ने अधिकारियों से भारी बारिश के कारण संभावित बाढ़ के प्रति भी सतर्क रहने को कहा। सीएम ने उत्तरी पश्चिम बंगाल की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान एक उच्च स्तरीय प्रशासनिक बैठक की अध्यक्षता की। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने कहा कि नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करने वाला यह क्षेत्र अत्यधिक संवेदनशील है।

# पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक सड़क बनाएगा चीन

**विदेश मंत्रियों की बैठक में सहमति बनी, इस CPEC प्रोजेक्ट पर भारत आपत्ति जता चुका है**

**बीजिंग, 21 मई।** चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों की बुधवार को बीजिंग में हुई बैठक में चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (CPEC) का अफगानिस्तान तक विस्तार करने पर सहमति बनी है। पाकिस्तान के फॉरेन ऑफिस (PFO) ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। चीन के शिंजियांग से पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर पोर्ट तक बनने वाला यह कॉरिडोर अफगानिस्तान तक जाएगा। इस कॉरिडोर से चीन की प्लानिंग मिडिल-ईस्ट के देशों से सड़क कनेक्टिविटी बनाना है। CPEC का विस्तार पाकिस्तान से अफगानिस्तान में कहां-कहां होगा, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है। PFO के मुताबिक पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार, चीन के विदेश मंत्री वांग यी और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने आज बीजिंग में बैठक की। बैठक में तीनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए आपसी सहयोग को जरूरी माना। इसके साथ ही डिप्लोमैटिक कोऑपरेशन आगे बढ़ाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने पर चर्चा की। चाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी योजना है। इसकी शुरुआत 2013 में की गई थी। इसमें चीन के शिंजियांग प्रांत से पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट तक 60 बिलियन डॉलर (करीब 5 लाख करोड़ रुपए) की लागत से आर्थिक गलियारा बनाया जा रहा है। इसके जरिए चीन की अरब सागर तक पहुंच हो



जाएगी। CPEC के तहत चीन सड़क, बंदरगाह, रेलवे और ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है। चीन के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को लेकर चीन के बलूचिस्तान में भी नाराजगी देखने को मिलती है। बीते कुछ सालों में बलूचिस्तान के उग्रवादी संगठनों ने कई चीनी नागरिकों को निशाना बनाया है। इसकी वजह यह है कि बीते 5 साल में यहां उनकी ताकत और रसूख बहुत तेजी से बढ़ा है। कई जगहों पर तो वो स्थानीय लोगों से भी ज्यादा ताकतवर हैं। उग्रवादी संगठनों को लगता है कि चीनी नागरिकों की वजह से उनकी कम्युनिटी और इलाकों को नुकसान हो रहा है और वो उनके कारोबार छीन रहे हैं। शुरुआती तौर पर कराची और लाहौर जैसे इलाकों में चीनी नागरिकों के कारोबार और ऑफिसों पर हमले हुए। इसके बाद उनकी कंपनियों को टारगेट किया जाने लगा।

## भारत की जल स्ट्राइक से पाकिस्तान को बचाने के लिए चीन ने झोंकी ताकत

**चाइना, 21 मई।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को निलंबित करने से पाकिस्तान बौखला गया है, जिसके कारण उसे चीन से स्वात नदी पर मोहमंद बांध के निर्माण में तेजी लाने का आग्रह करना पड़ा है, ताकि उसकी जल सुरक्षा मजबूत हो सके। चीन के सरकारी प्रसारक ने कहा कि भारत द्वारा हाल ही में जल आपूर्ति बंद करने की धमकी के जवाब में पाकिस्तान में उसके प्रमुख बांध परियोजना पर काम तेज कर दिया गया है। सामने आए सैटेलाइट इमेज से पता चलता है कि भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने के महीनों पहले मोहमंद बांध परियोजना पर निर्माण कार्य सितंबर 2024 में तेज हो गया था।

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा ली गई सैटेलाइट तस्वीरों में पिछले साल सितंबर में मोहमंद बांध के मुख्य रॉक-फिल तटबंधों को आकार लेते हुए दिखाया गया है। इसके तुरंत बाद, समर्थन और सहायक उद्देश्यों के लिए आस-पास नई संरचनाएँ उग आईं। 17 मई, 2025 की नवीनतम सैटेलाइट तस्वीर में चट्टान की दीवारों के बगल में सीमेंट जैसी सामग्री का एक बड़ा निर्माण दिखाया गया है, जो दर्शाता है कि परियोजना कंक्रीट डालने और संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण के उन्नत चरण में चली गई है।

यह बांध सिंधु जल संधि द्वारा शासित पश्चिमी नदी पर नहीं बनाया गया है, बल्कि स्वात नदी पर बनाया गया है, जो काबुल की एक सहायक नदी है जो अफगानिस्तान के हिंदू कुश पहाड़ों से निकलती है और पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बहती है। पाकिस्तान भी भारत के साथ सिंधु बेसिन में निचला तटवर्ती देश है।

सिंधु नदी के जल तक पाकिस्तान की पहुँच को सीमित करने के भारत के प्रयास को अफ़गानिस्तान की तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार तक उसकी पहुँच के साथ जोड़ दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने अफ़गानिस्तान में काबुल नदी पर शहतूत बाँध परियोजना पर भी काम तेज़ कर दिया है।

मई को विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और उनके अफ़गान समकक्ष के बीच बातचीत के दौरान बाँध निर्माण पर चर्चा हुई। शहतूत बाँध में 2 मिलियन काबुल निवासियों के लिए 146 मिलियन क्यूबिक मीटर पीने योग्य पानी होगा और 4,000 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी। यह काबुल के बाहरी इलाके में देह सब्ज़ नामक एक नए शहर के लिए पीने का पानी भी उपलब्ध कराएगा।

# गोवा में भारी बारिश, आज रेड अलर्ट

**मध्य प्रदेश में आंधी-बारिश, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी, अस्पतालों में कोल्ड वार्ड बनाए**

**नई दिल्ली/ बेंगलुरु/ मुंबई/ तिरुवनंतपुरम/रांची, 21 मई।** मध्य प्रदेश समेत देश के 30 राज्यों के कुछ इलाकों में आज आंधी-बारिश हो रही है। इनमें असम, मेघालय, गोवा और कर्नाटक के समुद्री इलाकों में तेज बारिश हो रही है। गोवा में लगातार दूसरे दिन भारी बारिश जारी है। साथ ही 60 kmph की रफ्तार से हवा चल रही है। बीते 24 घंटों में उत्तर गोवा के पेरनेम में 207 mm से ज्यादा बारिश दर्ज हुई है। मौसम विभाग (IMD) ने दोनों जिलों उत्तर और दक्षिण गोवा में आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया था, फिर दोपहर में इसे बढ़ाकर रेड अलर्ट में बदल दिया गया।

राज्य सरकार ने वाटरफॉल, जंगल और ट्रैकिंग स्पॉट पर एंट्री बैन कर दी है। विभाग ने गुरुवार के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट और इसके बाद 27 मई तक यलो अलर्ट जारी किया है। इंडिगो एयरलाइन ने कहा, भारी बारिश के चलते आज गोवा की फ्लाइट्स प्रभावित हो सकती हैं। एयरपोर्ट जाने से पहले फ्लाइट का स्टेटस जरूर चेक करें।

वहीं, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। हीट वेव और गर्मी से जुड़ी बीमारियों के लिए राजधानी लखनऊ के अस्पतालों में कोल्ड वार्ड बनाए गए हैं। हीट वेव मरीजों के लिए 20 बेड रिजर्व हैं, जिसमें 10 इमरजेंसी के लिए हैं। लोगों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक घर से न निकलने की सलाह दी गई है।मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले चार-पांच दिनों में केरल पहुंच सकता



है। हालांकि पूर्वानुमान 27 मई का है। ऐसा होता है तो यह 2009 के बाद समय से पहले पहुंचने वाला पहला मानसून होगा। 2009 में मानसून 23 मई को ही केरल में पहुंच गया था।

विभाग के मुताबिक आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून तक केरल पहुंचता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। वहीं, 17 सितंबर के आस-पास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से हट जाता है।

मानसून पिछले साल 30 मई को केरल में पहुंचा था। 2023 में 8 जून को, 2022 में 29 मई, 2021 में 3 जून, 2020 में 1 जून, 2019 में 8 जून और 2018 में 29 मई को केरल पहुंचा था। पिछले 5 सालों के आंकड़ों को देखें तो मानसून सीजन में बारिश को लेकर IMD और प्राइवेट एजेंसी स्काईमेट का अनुमान लगभग सही रहा है। 2024 में मानसून सीजन में 108% बारिश हुई थी, जबकि IMD ने 106% और स्काईमेट ने 102% बारिश का अनुमान जताया था। 2023 में 94% बारिश हुई थी। IMD ने 96% और स्काईमेट ने 94% बारिश का अनुमान जताया था। इससे पहले 2022 में 106% बारिश हुई थी। यह IMD और स्काईमेट दोनों के अनुमान से ज्यादा था।


घर के बाहर घर जैसा आराम

**होटल वैशाली**



मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद
(बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)

एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें।
मो.- 9919404087



कंचन चौरसिया
महिला जिलाध्यक्ष
उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज

रमेश कुमार चौरसिया
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद

नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई   मो. 9235152444

**निदान चिकित्सा केन्द्र**

कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003

डा. गुंजन यादव
( M.B.B.S.,D.G.O. )
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डा. रोहित यादव
( M.B.B.S., M.D. )
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

**डा. राधेश्याम यादव**

( M.B.B.S., D.T.C.D. ), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी ( C.M.O ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी ( D.T.O. ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक ( J.D. ) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ ( रजि. नं.- 29775 )

प्रबंधक:- हरगोविन्द यादव

# कम्पोजिट विद्यालयों में हुआ समर कैम्प का शुभारम्भ



बाराबंकी। जनपद के 830 परिषदीय विद्यालयों में समर कैम्प का शुभारम्भ हुआ इस दौरान समर कैम्प का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों, एसएमसी अध्यक्षों द्वारा किया गया।महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ0प्र0 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद के 461 उच्च प्राथमिक तथा 369 कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन 21 मई से 10 जून 2025 तक किया जा रहा है।बुधवार को समर कैम्प के प्रथम दिवस विद्यालयों में उद्घाटन सत्र एवं योग आदि गतिविधियां सम्पन्न हुईं, इस दौरान कम्पोजिट विद्यालय बड़ेल में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावत जी ने तथा त्रिवेदीगंज विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय दहिला में हैदरगढ़ विधायक मा0 श्री दिनेश रावत जी,देवा विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय माधवपुर में ब्रम्हकुमारी सिस्टर्स ने समर कैम्प का उद्घाटन किया।इसके साथ ही सभासद,ग्राम प्रधान व अन्य जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त खण्ड शिक्षा अधिकारी,जिला समन्वयक, एसएमसी अध्यक्षों ने विद्यालयों में समर कैम्प का उद्घाटन किया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री सन्तोष कुमार देव पाण्डेय ने बताया कि ग्रीष्मावकाश के दौरान परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले,विशेषकर ग्रामीण परिवेश में रहने वाले अधिकांश बच्चे अपने घरों में ही रहते हैं।बच्चों के लिए नए अनुभव की खोज करना, नए दास्त बनाना और खेल-खेल में कुछ करके सीखने का यह सही समय है।समर कैम्प के दौरान बच्चे विद्यालय में होने वाली नियमित पढ़ाई से भिन्न रोचक गतिविधियों का आनन्द ले सकेंगे तथा विभिन्न सामाजिक कौशलों का विकास होगा।इसलिए उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालय(कक्षा 6 से 8)में तीन सप्ताह के अन्तर्गत प्रतिदिन 03 घंटे सुबह 07 से 10 बजे के मध्य विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।श्री पाण्डेय ने बताया कि समर कैम्प के सकुशल आयोजन के लिए सम्बंधित विद्यालयों, अनुदेशकों,शिक्षामित्रों को पूर्व में ही निर्देश जारी किये जा चुके हैं।इस दौरान प्रत्येक विद्यालय में 02-02 अनुदेशक/शिक्षामित्र उपस्थित रहकर गतिविधियां सम्पन्न करायेंगे।बच्चों को सप्लीमेण्ट्री न्यूट्रीशन की व्यवस्था मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत की जायेगी। श्री पाण्डेय ने बताया कि समर कैम्प का उद्देश्य बच्चों की रुचि के अनुरूप सीखने के आनंददायक अनुभव प्रदान करना एवं रचनात्मकता विकसित करना,छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास जीवन कौशल का विकास करना,शिक्षक-विद्यार्थी आत्मीय सम्बन्ध तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना,बच्चों में सामाजिक,सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित करना, ग्रीष्मावकाश में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सक्रिय रखना तथा खेलकूद कला, विज्ञान और सास्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित करना है।तीन सप्ताह हेतु निर्धारित गतिविधियों में प्रथम सप्ताह के अन्तर्गत योग,सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल कौशल विकास,द्वितीय सप्ताह के अन्तर्गत पर्यावरण विज्ञान और रचनात्मक गतिविधियां तथा तृतीय सप्ताह के अन्तर्गत राष्ट्रीय एकता, जल संरक्षण और रचनात्मक गतिविधियां सम्पन्न करायी जायेंगी।

# प्रो अली खान महमूदाबाद के समर्थन में उतरे गांधीवादी राजनाथ शर्मा





बाराबंकी। गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी को असंवैधानिक और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि प्रो. अली खान को सिर्फ इसलिए तंग करना कि वह उनके ख्याल के नही है, बहुत बड़ा गुनाह है। प्रोफेसर अली ख़ान महमूदाबाद के साथ हम अडिग खड़े है। उनका लेखन समाज को विभाजित करने का नहीं, बल्कि गंभीर चिंतन और सामाजिक भागीदारी का प्रतीक है। मंगलवार को श्री शर्मा ने एक वक्तव्य में बताया कि अली खान महमूदाबाद अशोक विश्वविद्यालय, सोनीपत (हरियाणा) में राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख हैं। उनके पिता राजा साहब महमूदाबाद आमिर मोहम्मद खान सुलेमान मियाँ से मेरे गहरे रिश्ते रहे है। वह बहुत योग्य और सामाजिक व्यक्ति थे। उन्होंने ग़रीबों के लिए महलों के दरवाज़े खोल दिये। वह हमेशा ज़रूरतमंद के लिए खड़े रहे। वह इंसानियत की मिसाल बने, वहीं उनके बेटे अली खान महमूदाबाद भी बहुत ही संजीदा, सादगी पसंद और काबिल इंसान है। वे औपनिवेशिक भारत में मुस्लिम राजनीतिक विचारों के विशेषज्ञ हैं, जिस पर उन्होंने एक किताब भी लिखी है। वे बहुभाषी हैं। उनको हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी अच्छी आती है। श्री शर्मा ने बताया प्रो. अली खान ने मॉब लिंचिंग और निरंकुश बुलडोजर संस्कृति के खिलाफ आवाज़ उठाई थी। जिस पर असहमति जताते हुए हरियाणा सरकार ने उन्हें गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। श्री शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक और राजनैतिक लोगों का सम्मान बहुत गिर गया है। सरकार को देश में एकता और सद्भाव का माहौल बनाना चाहिए। उन्हें देखना चाहिए कि अली महमूदाबाद के पुरखों ने देश में कई शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों और अन्य जनउपयोगी कार्यों के लिए जमीनें दान की है। यही नहीं उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय के हबीबुल्ला, बटलर और महमूदाबाद हॉस्टल बनवाया। जिनकी देश भक्ति पर संदेह नहीं किया जा सकता है।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ किसान दिवस





बहराइच ।कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने किसानों से कहा कि वर्तमान खरीफ में सब्जियों के साथ स्वीट कॉर्न मक्का, भी बोआई करें। इससे अच्छी आमदनी होगी। जिले में अत्यधिक मक्का उत्पादन को देखते हुए जनपद की चीनी मिलों में स्थापित डिस्टलरी में मक्के का उपयोग स्थानीय स्तर पर कराया जाय।डीएम ने जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को निर्देश दिया कि अत्यधिक मक्का उत्पादन को दृष्टिगत रखते हुए रबी में भी क्रय केन्द्र स्थापित कराये जाने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजवायें, जिससे जिले के किसानों को उनके उपज का वाजिब मूल्य प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि कृषकों की समस्याओं का प्राथमिकता एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। डीएम ने उपायुक्त एन.आर.एल.एम. को निर्देश दिया कि आर-सेटी के माध्यम से महिला समूहो को अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिलाकर अगरबत्ती निर्माण के क्षेत्र में महिलाओं को स्वावलम्बी बनाया जाय। डीएम ने लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र मसंद को निर्देश दिया कि जिले के समस्त बैंक शाखा प्रबन्धकों को निर्देशित किया जाय कि कृषकों को शासन की मंशानुरूप के.सी.सी. निर्गत करें। डीएम ने केसीसी निर्गत करने में उदासीनता बरतने वाले बैंकों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने प्राकृतिक खेती के फायदे बतायें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले के कृषकों द्वारा उर्वरकों का अधिक प्रयोग किया जा रहा है, जिससे भूमि की उवर्रा शक्ति में ह्रास हो रहा है तथा उत्पादन स्थिर है। जिले के भूमि का पीएच मान 0.8 के सापेक्ष 0.3 प्रतिशत है। इससे प्रतीत होता है कि भूमि में कार्बनिक तत्वों की कमी है। उन्होंने रसायन मुक्त खेती के तरीके बतायें तथा जिलाधिकारी के समक्ष लाइट ट्रेप का डेमो प्रस्तुत किया। उन्होंने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने तथा प्राकृतिक खेती अपनाएं जाने की अपेक्षा की। जिला कृषि अधिकारी सुबेदार यादव ने बताया कि जनपद के सभी बीज गोदामों पर खरीफ बीज उपलब्ध करा दिया गया है एवं पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करा दी गयी है। बैठक में उपस्थित कृषक मुन्ना लाल वर्मा द्वारा जिले में काला नमक प्रजाति का गुणवत्तायुक्त उत्पादन प्राप्त करने हेतु जानकारी चाही गयी। कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. संदीप कनौजिया ने सभी किसानों को कीट/रोग प्रबंध के तरीके बताये। उन्होंने बताया कि जनपद में काला नमक धान प्रजाति के.एन.-2 उपयुक्त है विलम्ब से बुआई करने पर गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त होगा। कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के कृषि वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने जायद में मूंग की खेती में अधिक उत्पादन प्राप्त करने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये। जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला ने गन्ना विभाग द्वारा संचालित योजनाओं तथा जिले के चीनी मिलों के बकाया गन्ना क्रय मूल्य के भुगतान के आरे में जानकारी प्रदान की।बैठक में उपस्थित भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम कुमार वर्मा, हरि शरण सिंह उर्फ बब्बन सिंह, कमला प्रसाद, संजय श्रीवास्तव, कमलेश कुमार, ध्रुव कुमार, राकेश सिंह, विजय प्रताप, देवी बख्श सिंह सहित उपस्थित किसानों ने अपना मंतव्य रखा तथा किसान दिवस बैठक में हुई शिकायतों का निस्तारण किया जाय। बैठक में उपस्थित कृषक मुन्ना लाल वर्मा ने बताया कि कृषि विभाग की तरफ से केन्द्रीय कृषि विश्व विद्यालय झांसी से प्रशिक्षण प्राप्त कर जनपद के किसानों को प्राकृतिक खेती की जानकारी प्रदान किया जा रहा है। बाराबंकी से आये प्रगतिशील कृषक दिनेश चन्द्र वर्मा द्वारा जिले के किसानों को रसायन मुक्त खेती करने के तरीके बतायें। प्रगतिशील कृषक लालता प्रसाद गुप्ता ने रबी फसलों को भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत आच्छादित किये जाने पर बल दिया।इस अवसर पर जिला कृषि रक्षाधिकारी प्रिया नंदा, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा, उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर वर्मा, जिला गन्ना अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, सहायक निदेशक मत्स्य जितेन्द्र कुमार शुक्ला, अधि.अभि. विद्युत जेपी वर्मा, एसटीए एग्रीकल्चर डॉ. प्रिया सिंह सहित अधिक से अधिक संख्या में कृषक उत्पादक संगठनों के निदेशक सदस्य तथा प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित

बहराइच । जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अन्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को नि:शुल्क 'ओ' लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नीलीट से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान विभागीय वेबसाइट बैकवर्डवेलफेअर डाट यूपी डाट एनआईसी डाट इन एवं ओबीसीकम्प्यूटरट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर दिये गये लिंक पर 27 मई 2025 तक आनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं। इच्छुक प्रशिक्षण संस्थानों को मान्यता से सम्बन्धित अभिलेखों व आधारभूत ढांचे का विवरण उक्त वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ ही समस्त अभिलेखों की हार्डकापी विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

# आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत जन औषधि केन्द्र का होगा विस्तार



बहराइच ।आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री योजनान्तर्गत जन औषधि केंद्रों का और अधिक विस्तार किया जाएगा।जिसके अंतर्गत 16 नये केन्द्र और खुलेंगे।मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय सिंह व मुख्य चिकित्सा सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने जानकारी साझा करते हुवे बताया कि प्रधान मंत्री का सपना है कि हर व्यक्तियो को सस्ती दरो पर दवाई उपलब्ध हो।इसी को ध्यान में रखते हुवे जनता तक उच्च क्वॉलिटी की दवाए जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ते दामों में उपलब्ध रहेंगी। जिसका लाभ गरीब अमीर व सामान्य व्यक्तियो को भी मिलेगा।बताया गया कि जनपद के सभी पीएससी व सीएससी पर नये केन्द्रो की जल्द ही शुरूआत होगी।अभी तक सीमित स्थानो पर जन औषधी केन्द्र होने के कारण आम जनमानस को इसका पूर्ण रूप से लाभ नही मिल पा रहा था।सस्ती दवाओ के लिए सुदूर ग्रामीण वासियो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।लेकिन अब 16 और प्रधान मंत्री जन औषधि केन्द्र के खुलने से आम जनमानस को इसका सीधा लाभ मिल सकेगा।

# गीता इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सृजन, संस्कार गीत कार्यक्रम



गोण्डा - जनपद में उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति, संस्कृति संस्थान, लखनऊ संस्कृति विभाग ,उत्तर प्रदेश के द्वारा गीता इंटरनेशनल स्कूल, गोंडा में आयोजित ,सृजन, संस्कार गीत कार्यशाला के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक चंद्रशेखर जी ने दी प्रचलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण का कार्य उर्मिला पांडे द्वारा किया गया कार्यशाला में बधाई गीत ,हरीरा गीत, मेला गीत मंडप गीतों को सिखाया गया ,इस कार्यशाला में बच्चों को अपनी पारंपरिक विरासत से परिचित कराने का प्रयास किया गया इसमें बच्चो ने बहुत ही उत्साह के साथ हिस्सा लिया और एक शानदार प्रस्तुति दी इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर प्रिंसिपल म्यूजिक टीचर अभिभावक एवं विद्यालय के तमाम बच्चों की उपस्थिति रही संस्कृति विभाग के इस सराहनीय पहल की लोगो ने सराहना किया ।

# सिंगल फेस के लगे ट्रांसफार्मर से कर रहे खेतों की सिंचाई

बाराबंकी। सिंगल फेस के लगे ट्रांसफार्मर से कर रहे समरसेबल पंप चलाकर खेतों की सिंचाई वही जिम्मेदार है मौन खबर प्रकाशित होने से कुपित बिजली चोरी करने वाले गिरोह योजना के तहत पत्रकार पर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया तथा मोबाइल में कैद किया गया बिजली चोरी के सबूत को मिटाने के उद्देश्य से मोबाइल छीनने का प्रयास किया गया जैसा कि पत्रकारों के साथ खबर कवरेज या खबर प्रकाशित होने के बाद अराजक तत्वों द्वारा किया जाता है उक्त बिजली चोर ऐसे कृत से सफल नहीं हुई तो उल्टे पत्रकार द्वारा मारपीट करने की तहरीर देकर पत्रकार को फसाने का प्रयास किया क्षेत्र में बिजली चोरी की खबर फैलते ही बिजली चोरों का यह भी प्रयास असफल रहा मामला जनपद के रामसनेही घाट के विद्युत उपकेंद्र पूरेडलई से संबंधित ग्राम मंगूपुर का है जहां कई माह से गांव घरों को विद्युत आपूर्ति में सिंगल फेज के ट्रांसफार्मर प्रधानमंत्री विद्युतीकरण योजना के लगाए गए हैं जिसमें गांव के घरों में विद्युत आपूर्ति हो रही है उक्त सिंगल फेस के ट्रांसफार्मर से गांव के निवासी प्रताप सिंह व राजू सिंह आदि समरसेबल पंप टुल्लू मोटर चलाकर अनवरत खेतों की सिंचाई करते थे सिंगल फेस के ट्रांसफार्मर पर अधिभार होने के कारण गांव में लो वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो गई थी बिजली विभाग मोबाइल से शिकायत करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं कर रहा पत्रकार बताओ तो खबर छाप दो कहकर फोन काट दिया जाता था खबर प्रकाशित होने पर बिजली विभाग के कर्मियों में अवैध बिछाई गई केबिल तो उठा ले गए परंतु कार्यवाही किसी पर नहीं की क्योंकि मामला किसानों माहवारी वसूल की जाती थी चोरी करने वालों पर कार्यवाही कैसे करें तो पत्रकार को ही योजना बनाकर फर्जी मुकदमा दर्ज करवा दो

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मुख्य आरक्षियों को किया गया सम्मानित



बहराइच।पुलिस अधीक्षक द्वारा आरक्षी से मुख्य आरक्षी पद पर प्रोन्नति प्राप्त प्रशिक्षणाधीन 178 मुख्य आरक्षियों के प्रशिक्षण पूर्ण करने पर सभी मुख्य आरक्षियों को रिजर्व पुलिस लाइन प्रेक्षागृह में शुभकामनाएं दी गयीं,और परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मुख्य आरक्षियों को सम्मानित भी किया गया।इस परीक्षा में जनपद बहराइच सहित अन्य जनपदों से आए कुल 178 पुलिस कर्मियों ने भाग लिया, जो 21.04.2025 से 20.05.2025 तक आयोजित एक माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा हैं।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आउटडोर परीक्षा नोडल दुर्गा प्रसाद तिवारी व इनडोर परीक्षा नोडल रामानन्द कुशवाहा के नेतृत्व में दिनांक 16.05.2025 को प्रस्तावित विभागीय प्रोन्नति परीक्षा सम्पन्न हुई थी। उल्लेखनीय है कि दिनांक 13.05.2025 को उक्त समस्त पुलिस कर्मियों की आउटडोर परीक्षा व दिनांक 16.05.2025 को साक्षात्कार परीक्षा सम्पन्न हुई। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षुगण को अपने दायित्व विस्तार व बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया गया तथा उनके पदीय कर्तव्यों से अवगत कराते हुए उनके प्रभावी निर्वहन व राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया गया । दिनांक 20.05.2025 को सभी प्रशिक्षु पुलिसकर्मी अपने सम्बन्धित जनपद को वापसी हेतु प्रस्थान करेंगे।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, आर.टी.सी. प्रभारी, सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर एवं तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.द्वारा तरुणमित्र हिन्दी दैनिक के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित के लिए आदर्श कुमार इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.- 55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।

# ओ.डी.ओ.पी. वित्तपोषण योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

बहराइच 21 मई। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उ.प्र. सरकार द्वारा ''एक जनपद एक उत्पाद'' कार्यक्रम अर्न्तगत वित्तपोषण हेतु सहायता योजना संचालित की जा रही है। योजना अन्तर्गत जिले हेतु चयनित उत्पाद ''गेंहू के डण्ठल से निर्मित कलाकृति'' एवं ''खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद'' के अर्न्तगत उद्योग/सेवा/व्यवसाय क्षेत्र में बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।उपायुक्त उद्योग ने बताया कि योजनार्न्तगत रू. 25.00 लाख तक की कुल परियोजना लागत की ईकाइयो हेतु कुल परियोजना लागत का 25 प्रतिशत, रू. 25.00 लाख से अधिक एंव रू. 50.00 लाख तक की परियोजना पर कुल परियोजना लागत 20 प्रतिशत तथा रू. रू0 50.00 लाख से अधिक एंव रू. 150.00 लाख तथा रू. 150 लाख से अधिक की परियोजना इकाईयों के लिए कुल परियोजना लागत का 10 प्रतिशत प्रतिशत मार्जिन मनी (सब्सिडी) के रूप में देय होगा। योजना के तहत सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों को लागत का 10 प्रतिशत तथा विशेष श्रेणी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग अल्पसंख्यक, महिला एंव दिव्यांग श्रेणी के लाभार्थियों को अंशदान के रूप में प्रोजेक्ट कास्ट का 05 प्रतिशत जमा करना होगा।आवेदन हेतु आवेदक की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए शैक्षिक योग्यता की बाध्यता नहीं है। आवेदक या इकाई को किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/वित्तीय संस्था/सरकारी संस्था इत्यादि का चूककर्ता (डिफाल्टर) नहीं होना चाहिए। आवेदक अथवा उसके परिवार के किसी अन्य सदस्य को योजनार्न्तगत केवल एक बार ही लाभान्वित किया जायेगा भारत सरकार व उ.प्र. सरकार द्वारा संचालित किसी अन्य स्वरोज़गार योजना का पूर्व में लाभ प्राप्त करने वाले व्यक्ति योजना हेतु अर्ह नहीं होंगे। विशेष श्रेणी के लाभार्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी एंव आवेदन पत्र हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग केन्द्र बहराइच से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

## मानव सेवा कल्याण समिति द्वाराविशाल भंडारे का आयोजन

बाराबंकी। श्री कपिध्वज हनुमान मंदिर एवं मानव सेवा कल्याण समिति के तत्वाधान में बाबा लाल दास द्वारा स्थापित संतोषी मंदिर व कपिध्वज हनुमान मंदिर परिसर में द्वितीय मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

जिसमें समिति के अध्यक्ष योगेश चंद्र श्रीवास्तव, सचिव विजयकांत पांडे, सभासद शील प्रकाश शुक्ला, कोषाध्यक्ष शिव शरण शुक्ला, श्याम बिहारी रुहेला व रविंद्र नाथ श्रीवास्तव ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

# जिलाधिकारी ने चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



बाराबंकी जनपद में जनस्वास्थ्य सेवाओं को जनसामान्य के लिए प्रभावी,सुलभ और संवेदनशील बनाने की दिशा में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी द्वारा लगातार स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है।इसी क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश यादव के साथ तहसील फतेहपुर अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी)घुँघतेर के अधीन संचालित चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों यथा कुर्सी,टिकैतगंज बड्डूपुर और खिझना का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया।जिलाधिकारी ने मौके पर चिकित्सकों की उपस्थिति मरीजों की संख्या,दवाओं की उपलब्धता,स्वच्छता व्यवस्था रजिस्टर संधारण,और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की।स्वास्थ्य सेवाएं हों प्रभावी, संवेदनशील और जवाबदेह निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि कुछ स्थानों पर संस्थागत प्रसव की सुविधा अभी तक आरंभ नहीं हो सकी है, जबकि यह सेवा ग्रामीण महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होंने कुर्सी टिकैतगंज और खिझना पीएचसी पर त्वरित रूप से संस्थागत प्रसव सेवाएं आरंभ कराने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सभी पीएचसी में 22 प्रकार की स्वास्थ्य जांच उपलब्ध है इन सभी जांचों के माध्यम से मरीजो का बेहतर इलाज किया जाय साथ ही आने वाले मरीजो को अस्पताल से ही सभी दवाएं उपलब्ध कराई जाए। बड्डूपुर पीएचसी पर मिली लापरवाही,वेतन बाधित करने के निर्देश बड्डूपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर निरीक्षण के दौरान स्टाफ द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड का पालन न करते हुए बिना एप्रिन के कार्य करते पाया गया।इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने और उनका वेतन बाधित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाओं में अनुशासन व जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है।स्वच्छता व व्यवहार को बनाया जाएगा मूल्यांकन का आधार निरीक्षण के दौरान सभी चार पीएचसी परिसर की साफ-सफाई,शौचालयों की स्वच्छता और बायोमेडिकल वेस्ट के समुचित निस्तारण पर विशेष बल दिया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों को अस्पतालों में एक स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिलना चाहिए।उन्होंने चिकित्सकों और स्टाफ को निर्देशित किया कि मरीजों के प्रति उनका व्यवहार संवेदनशील व सहयोगात्मक होना चाहिए।पी0एच0सी0 खिझना के परिसर में छाया पेड़ लगाने के भी निर्देश दिए।जनसुनवाई से भी मिली महत्वपूर्ण जानकारी निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सबंधित पी0एच0सी0 के ग्राम प्रधान व ग्रामीणजनों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर समय से उपचार और आवश्यक दवाएं मिल रही हैं, जिसे लेकर उन्होंने प्रशासन के प्रति संतोष और आभार व्यक्त किया।इस दौरान उपजिलाधिकारी फतेहपुर सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र मो0 तस्लीम पुत्रवधू मारिया को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

सूचनाकर्ता -
**नजीर अहमद पुत्र मो0 उमर ग्राम सैहारा, थाना कोतवाली देवा, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी**

# नहर में बहता हुआ मिला अज्ञात शव

## प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे

**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** बसखारी थाना क्षेत्र में सुबह लगभग 7ः00 बजे पीआरबी द्वारा सूचना मिली कि भिटौरा उत्तर नहर में एक अज्ञात आदमी की लाश बहती हुई जा रही है जहां लोग इकट्ठा हैं सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर डेड बॉडी को बाहर निकला गया तो पहनावा नीचे नीला रंग का जींस जिसमे बटन नही है तार से बंधा है और ऊपर सैंडो बनियान और नीले रंग का अंदर वियर पहने हुए हैं उम्र लगभग 27 वर्ष है हुलिया नाक,कान, व कद औसत चेहरे पर छोटी दाढ़ी, बायी आंख आधी खुली, बाए हाथ की छोटी अंगुली में छल्ला पहने हुए है। देखने से एक हफ्ते पहले की बाडी प्रतीत हो रही है। बॉडी का उपर का चमड़ा पानी में रहने के कारण पुरा उखड़ रहा है। कही भी चोट कोई प्रदर्शित नही हो रही है बाडी का पंचायत नामा भर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। शिनाख्त हेतु सोशल मीडिया व आस पास के गांव आदि में सुचित किया गया है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। प्रभारी निरीक्षक बसखारी सन्त कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके में पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पहचान की जा रही है।

## शूटिंग प्रतियोगिता मे यश ने बढ़ाया अयोध्या का मान



**अयोध्या।** प्रयागराज मे आयोजित चार दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता मे जिला राइफल क्लब अयोध्या के खिलाड़ियों द्वारा अच्छा प्रदर्शन कर अयोध्या का मान बढ़ाया गया।सीनियर मैन केटेगरी में यश पाठक पुत्र शरद पाठक बाबा, उमंग पाठक पुत्र नरेंद्र पाठक, श्रेयांस सिंह सब यूथ केटेगरी मे सिद्धार्थ, राजवीर महिलाओं मे सरिता वर्मा, ज्योत्सना एवं एडीएम प्रशासन अयोध्या अनिरुद्ध सिंह ने अच्छा प्रदर्शन कर सर्वाधिक अंक हासिल किया। कोच शनि वर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता मे जिला राइफल क्लब के 40 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया,सभी खिलाड़ी स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता मे क्वालिफाई हो गए हैं। खिलाड़ियों ने अपने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय कोच शनि वर्मा को दिया। इस अवसर पर भारतीय शूटिंग कोच दीपक दुबे ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# पांच अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर ।** पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर महोदय केशव कुमार द्वारा अपराध तथा अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मालीपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 82/2025 धारा 191(2)/74/296/126(2)/ 352 /351(3)बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 04 नफर अभियुक्त 1. सुरजीत पुत्र स्व0 निन्हकऊ उम्र करीब 19 वर्ष 2.जगदीश पुत्र भुलेसर उम्र करीब 22 वर्ष 3.वीरेन्द्र पुत्र पल्लन उम्र करीब 19 वर्ष 4.नवनीत कुमार उर्फ दीपक पुत्र राजेन्द्र उम्र करीब 25 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम रामपुर दूबे थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर को आज दिनांक 21.05.2025 को समय करीब 10.30 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया । अभियुक्तों को अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय भेजा गया ।

इसी क्रम में थाना कोतवाली टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस टीम द्वारा सम्बंधित मु0अ0सं0 37/2023 धारा 363/366 भादवि थाना हंसवर जनपद अ0नगर से सम्बन्धित वारण्टी अपचारी के संरक्षक गुड्डू पुत्र स्व0 बिरजू उम्र करीब 55 वर्ष नि0 अकूतपुर थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर को ग्राम अकूतपुर थाना को0 टाण्डा जनपद अ0नगर से दिनांक 19.05.25 समय 21.50 बजे कारण गिरफ्तारी बताते हुए हिरासत पुलिस में लिया गया । जिसमे आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को सम्बन्धित मा0न्यायालय भेजा जा रहा है ।

## बिजली कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार से कई फीडर बंद, किसानों को नर्सरी के लिए पानी नहीं

**अयोध्या।** जिले में आउटसोर्स विद्युत कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 20 मई से 72 घंटे का कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। इस कार्य बहिष्कार के कारण जिले में आधा दर्जन से अधिक फीडर बंद हो गए हैं। बिजली आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल फोन और अन्य विद्युत उपकरण काम नहीं कर रहे हैं। किसानों को धान की नर्सरी के लिए खेतों में पानी भरने में कठिनाई हो रही है। विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार, उपकेंद्र और लाइन का संचालन मुख्य रूप से आउटसोर्स कर्मचारियों पर निर्भर था। विद्युत केंद्रों पर पर्याप्त लाइनमैन नहीं होने के कारण मरम्मत कार्य प्रभावित हो रहा है। तारून विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत टिकरी फीडर के ग्राम सराय सागर में पिछले 24 घंटे से बिजली लाइन खराब है। शिक्षक नेता शिव मूर्ति पाण्डेय की शिकायत पर भी लाइनमैन ने हड़ताल का हवाला देकर मरम्मत से इनकार कर दिया। उपकेंद्र के अवर अभियंता ने भी वैकल्पिक व्यवस्था करने में असमर्थता जताई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि कर्मचारियों की हड़ताल का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है, जबकि बिजली का बिल पूरा देना पड़ेगा। विभागीय उच्चाधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है। कई विद्युत उपकेंद्र की विद्युत सप्लाई सुबह से भी बंद हो गई है। सुबह से ही बादलों की आवाजाही और चल रही हवाओं से उमेश भरी गर्मी से लोगों को राहत मिल रही है। बूंदाबांदी और हवा चलने से लोगों को उमेश भाई गर्मी से राहत मिल रही है।

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने किया गश्त



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर केशव कुमार अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पाण्डेय अपर नन पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्यामदेव सीओ सिटी देवेंद्र मोर्या के निर्देश पर कोतवाल नगर श्रीनिवास पांडेय ने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए आगामी त्योहारों त्योहार आगामी त्यौहारों को देखते हुए अंबेडकर नगर जनपद के अकबरपुर नगर कोतवाल श्रीनिवास पांडेय चौकी प्रभारी शहजादपुर महेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ शहजादपुर नई सड़क चौक शहजादपुर में पैदल गस्त भमण स्थानीय लोगों को सुरक्षा भरोसा दिलाया कि अकबरपुर नगर कोतवाली पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार है नगर कोतवाल श्रीनिवास पांडेय ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखें अफवाहों पर ध्यान ना दें मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की कड़ी फटकार लगाई वही शहर कोतवाल श्रीनिवास पांडेय पुलिस चौकी प्रभारी शहजादपुर महेंद्र स्थानीय दुकानदार लोगों से कहा कि रोड किनारे फालतू खड़े मिले तो होगी कार्रवाई वही शहर कोतवाल श्रीनिवास पांडेय जहां मौजूद लोगों से आसपास खड़े रहे फालतू खड़े लड़कों को फटकार लगाई शहर कोतवाल श्रीनिवास पांडेय ने जहां मौजूद लोगों का हाल-चाल पूछ यदि किसी को समस्या हो तत्काल हमको नगर कोतवाल अवगत करायेंगे हल्का प्रभारी या चौकी प्रभारी को इस दौरान चौकी प्रभारी शहजादपुर महेंद्र कुमार हमराही कांस्टेबल सोनू यादव हेड कांस्टेबल हेड कांस्टेबल सुधाकर यादव आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे ।

# उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कौशल सुधार प्रशिक्षण योजनान्तर्गत नि :शुल्क प्रशिक्षण देगा

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की कौशल सुधार प्रशिक्षण योजनान्तर्गत सामान्य वर्ग के 50 लाभार्थियों (दर्जी हेतु 25 अभ्यर्थी एवं ब्यूटी पार्लर हेतु 25 अभ्यर्थी) तथा अनुसूचित जाति के 100 लाभार्थियों (ब्यूटी पार्लर हेतु 25 अभ्यर्थी दर्जी हेतु 50 अभ्यर्थी एवं फल प्रशोधन हेतु 25 अभ्यर्थी) को नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु विभाग के वेबसाईट www.upkvib.gov.in पर जाकर प्रशिक्षण के निर्धारित पोर्टल पर इच्छुक अभ्यर्थी के द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। प्राप्त आवेदनों में स्कोर कार्ड के अनुसार प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी का चयन जनपद स्तर पर गठित चयन कमेटी द्वारा किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र बहराइच द्वारा कराया जायेगा। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण अवधि 15 दिन हेतु प्रत्येक दिन रू0 250/- की दर से मानदेय उपलब्ध कराने का प्राविधान है। ग्रामीण क्षेत्र / नगर पंचायत (वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार जिनकी जनसंख्या 25,000 से अधिक न हो), के आवेदक ही प्रशिक्षण हेतु पात्र होंगे, तथा सम्बन्धित अभ्यर्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष के मध्य हो। उपरोक्त पोर्टल पर निम्नलिखित अभिलेखों के साथ (नवीनतम फोटो 02, आधार कार्ड, शिक्षा प्रमाण पत्र, तकनीकी योग्यता, राशन कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र व बैंक पासबुक) दिनांक 30.05.2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

ऑनलाइन के उपरान्त सम्पूर्ण साक्ष्य सहित अपना आवेदन कार्यालय में जमा कर दें। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर इच्छुक अभ्यर्थी अपने अभिलेखों के साथ किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, सत्यवती सदन, बेनीगंज रोड, निकट देवकाली मंदिर, फैजाबाद अयोध्या में सम्पर्क कर कर सकते हैं। उक्त जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राकेश कुमार द्वारा दी गई है।

# विश्व हिंदू स्वाभिमान सप्ताह के रूप में विहिम मनाएगा योगी का जन्मदिवस



## 5 जून से 11 जून तक चलेगा कार्यक्रम

**अयोध्या।** विश्व हिंदू महासंघ की मंगलम गेस्ट हाउस में संपन्न बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ के जन्म दिवस को पूरे सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया। संगठन का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष राजकुमार सोनकर ने चार उपाध्यक्ष ,चार मंत्री, एक महामंत्री, कोषाध्यक्ष, मनोनीत किया गया। बैठक के विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह व विधि प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विजय शंकर पांडे रहे। बैठक में जिलाध्यक्ष राजकुमार सोनकर ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ के जन्म दिवस को विश्व हिंदू स्वाभिमान सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम 5 जून से 11 जून तक मनाया जाएगा। 5 जून को वृक्षारोपण व केसरिया ध्वज तिलक 6 जून को गोसेवा, 7 जून को वृक्षारोपण, 8 जून को साधु संतों का सम्मान, 9 जून मानव सेवा के वस्त वितरण, 10 जून को रक्तदान, 11 जून को सुंदर कांड, हनुमान चालीसा व भंडारे का आयोजन में किया गया है। बैठक में संरक्षक प्रदीप पाठक, जिला महामंत्री मृत्युंजय श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह, शेर बहादुर सिंह, रामेश्वर प्रसाद तिवारी, सिकंदर उपाध्याय, मंत्री सागर सोनकर, अमित चौरसिया अंकित सोनकर, जवाहर सोनकर, कोषाध्यक्ष राजाराम यादव को मनोनीत किया गया।

# कलेक्ट्रेट में हुई जिला सैनिक बंधु की बैठक



**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुण्डे की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक की समीक्षा के उपरान्त भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिजनों से विभिन्न विषयक कुल 09 आवेदन प्राप्त हुये। प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को आदेशित किया गया। जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों/आश्रितों को जिला प्रशासन की ओर से सम्पूर्ण सहयोग प्रदान करने तथा उनकी समस्याओं/शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया।

बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले0 कर्नल संजीव कुमार ने सैनिक कल्याण से सम्बन्धित शासकीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक तथा उनके परिजनों ने प्रतिभाग किया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अयोध्या प्रसाद सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्रा तथा ओ0आई0सी0, ई0सी0एच0एस0, स्टेशन मुख्यालय, कर्नल सुनील कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे ।

# रोड पर घूमता न दिखाई दे कोई भी पशु वंश : टीकाराम

## गोवंश संरक्षण एवं गौ आश्रय स्थलों के सम्बन्ध में हुई समीक्षा बैठक




**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में देर शाम गोवंश संरक्षण एवं गौ आश्रय स्थलों से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में भूसा दान/क्रय, हरे चारे की बुवाई, गोवंश चिकित्सा, टीकाकरण, टैगिंग, गर्मी से बचाव, भूसा टेंडर एवं मा0 मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत सुपुर्दगी की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी आवारा पशु वंश रोड़ों पर घूमता दिखाई ना दे और किसी भी पशु वंश द्वारा फसलों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मात्रा में जन सहभागिता के माध्यम से भूसा गोशालाओं में दान के माध्यम से प्राप्त कराने हेतु निर्देशित किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा प्राप्त ज्वार को पशु चारे हेतु गोशालाओं से सम्बद्ध गोचर भूमि पर बुआई कराई गई है। गोवंश चिकित्सा, टीकाकरण, टैगिंग का कार्य पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कराकर पोर्टल पर अपलोड कराया जा रहा है। गौ आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों को लू/ गर्मी से बचाव हेतु जिलाधिकारी द्वारा सभी व्यवस्थायें करने के निर्देश दिये। बैठक में जनपद के सभी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/ पशु चिकित्सा अधिकारी/ खण्ड विकास अधिकारी व सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यों की प्रगति गोआश्रय पोर्टल पर अपलोड करने तथा समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## माह अप्रैल की प्रगति रिपोर्ट पर हुई समीक्षा

**अयोध्या।** शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों की माह अप्रैल 2025 की प्रगति रिपोर्ट पर मण्डलायुक्तगौरव दयाल की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा बैठक का आयोजन आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में दिनांक 24 मई 2025 को पूर्वाह्न 10ः30 बजे से किया गया है। विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा 10ः30 बजे से 12ः30 बजे तक, कानून व्यवस्था की समीक्षा 12ः30 बजे से 1ः30 बजे तक व राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा 02:30 बजे से 04:00 बजे तक की जाएगी। अधिकारी गण बैठक में स्वयं प्रतिभाग करें। उक्त जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त, अयोध्या मण्डल श्री राजेश कुमार झा ने दी है।

# राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सुरक्षा व्यवस्था की हुई समीक्षा

## जयपुर से रवाना होगी राम दरबार की मूर्ति, 3 से 5 जून तक होगा प्राण प्रतिष्ठा समारोह



**अयोध्या।** राममंदिर के पहले तल पर स्थापित होने वाली रामदरबार आज (21 मई)जयपुर से अयोध्या के लिए रवाना होगी।यह मूर्ति परिसर में बने सप्त ऋषियों और परकोटे के 6 मंदिरों की मूर्तियों के साथ 22 मई को अयोध्या पहुंचेंगी।23 मई को मूर्तियों को संबंधित मंदिरों में स्थापित कर दिया जाएगा। अगले माह 3 से 5 जून तक इन सभी मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा बेहद भव्य समारोह में होगी। अगले माह प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी बैठक में सुरक्षा संगठनों के अधिकारी शामिल रहे।एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बैठक की अध्यक्षता की। अगले माह प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी बैठक में सुरक्षा संगठनों के अधिकारी शामिल रहे।एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बैठक की अध्यक्षता की। इसको लेकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की गई है। 3 जून से शुरू होने जा रहे श्रीरामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस विशेष आयोजन के दौरान देश के अनेक प्रसिद्ध संतों और वीवीआईपी, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसे देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता बनाने के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।यह बैठक मंदिर सुरक्षा विभाग के कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें कई प्रमुख सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों में गोपाल जी, अभय मिश्रा (ADDS SP SSF), विनय सिंह (CRPF), प्रमोद यादव (CO SSF), रोहित यादव (CO PAC), महेन्द्र शुक्ला (CO RJB), अर्जुन, सुनील, LIU, ATS, PAC कमांडो और BDDS के प्रतिनिधि शामिल थे।बैठक में विशेष रूप से श्रीरामजन्मभूमि परिसर की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया। सभी प्राइवेट सुरक्षा एजेंसियों का पुन: सत्यापन कराने, कर्मचारियों की बायोमेट्रिक एंट्री और फेस रिकॉग्निशन के माध्यम से पहचान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त CCTV कैमरे लगाने और ATS व PAC कमांडो की विशेष तैनाती का निर्णय भी लिया गया है। बैठक में श्रद्धालुओं की भीड़ प्रबंधन, प्रवेश और निकास मार्गों पर नियंत्रण, तथा ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी योजना बनाई गई। सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय के साथ सभी जरूरी इंतजामों को समय से पहले पूरा करने पर बल दिया गया।

यह बैठक रामनगरी अयोध्या को सुरक्षित और व्यवस्थित रखने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य है कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे पूरी श्रद्धा और शांति के साथ प्रभु श्रीराम के दर्शन कर सकें।

# एनटीपीसी टांडा में बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला 2025 का शुभारंभ



**टाण्डा,अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) के अंतर्गतबालिका सशक्तीकरण कार्यशाला 2025 का शुभारंभ 21 मई 2025 को किया गया। यहएक माह की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 21 मई से 16 जून 2025 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें आस-पास के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की 40 बालिकाएं प्रतिभाग कर रही हैं।

इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को बहुआयामी विकास के अवसर प्रदान करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अंग्रेज़ी भाषा, कंप्यूटर शिक्षा, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण जागरूकता, योग, मार्शल आर्ट, नृत्य तथा व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यशाला के प्रथम दिन सभी प्रतिभागी बालिकाओं का पंजीकरण किया गया तथा उन्हें आवश्यक अध्ययन सामग्री, स्टेशनरी और आवश्यकताओं से युक्त एक प्रशिक्षण किट प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संघमित्रा परिदा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मंडल की अन्य वरिष्ठ सदस्याएं एवं एनटीपीसी टांडा के अधिकारीगण भीउपस्थित रहे। इसी क्रम में स्वच्छता पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत, कार्यशाला में प्रतिभागकर रही जेम बालिकाओं में स्वच्छता और स्वच्छ आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का मंचन उनके सम्मुख करवाया गया। इस नाटक के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। यह कार्यशाला एनटीपीसी टांडा की सामाजिक प्रतिबद्धता का एक सशक्त उदाहरणहै, जिसके माध्यम से वह बालिकाओं को शिक्षा, आत्मरक्षा एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सक्षम बना रहा है, साथ ही समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार करने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

# अयोध्या में चौराहों पर लगाए जा रहे धार्मिक चिन्ह

## धर्म स्तंभ चक्र, तिलक कलश के रूप में स्थापित किए जा रहे



**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद अब अयोध्या के चारों तरफ विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं।अयोध्या के सुंदरी करण को लेकर योगी सरकार के प्रयास से अरबों रुपयों की धनराशि से भगवान राम से संबंधित उनके प्रसंग को लेकर सुंदरी करण का कार्य चल रहा है। अगले माह जून के पहले सप्ताह में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा से पहले इसमें विशेष तेजी दिखने लगी है। अयोध्या में सौंदर्यीकरण के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण विभिन्न चौराहों पर प्रभु श्री राम से जुड़े हुए स्तंभ लगवा रहा है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है।अयोध्या विकास प्राधिकरण के वीसी अश्वनी पांडे ने बताया कि अयोध्या के जमथरा घाट, कनौसा तिराहा,भरत कुंड,उदया के पास स्तम्भ लगाए जा रहे है।यह स्तंभ चक्र तिलक कलश के रूप में स्थापित किए जाएंगे।अयोध्या विकास प्राधिकरण के के अनुसार स्तंभ स्थापित कराने का कार्य तेजी से चल रहा है।

## हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना

अयोध्या। आ0न0दे0 कृषि एवं प्रौ0वि0वि0, कुमारगंज अयोध्या के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के बादल छाए रहने एवं कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। श्री मिश्र के अनुसार बुद्धवार का अधिकतम तापमान 36.0 डिग्री जो सामान्य से 3.2 डिग्री कम रहा जबकि न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री यह भी सामान्य से 2.0 डिग्री कम रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 92 व न्यूनतम 48 प्रतिशत रही। 7.1 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से दक्षिणी-पूर्वी दिशा से हवाएं चली।

तरूणमित्र
गुरूवार, 22 मई 2025
संवत- 2081, ज्येष्ठ शुक्ल कृष्ण.- 10

# आकाश का अभिषेक

बसपा सुप्रीमो मायावती अपने फैसलों से सभी को चौंकाती रही हैं और भतीजे आकाश आनंद को पार्टी का चीफ नैशनल कोऑर्डिनेटर बनाकर उन्होंने एक बार फिर यही किया है। हालांकि सियासी मजबूरी में लिए गए इस निर्णय से पार्टी के भीतर का असमंजस और संकट भी सामने आ गया है। समर्थकों में सवाल- पिछले एक साल के भीतर आकाश दो बार पद गंवा चुके हैं और दो बार उनकी वापसी हो चुकी है। उनकी हर वापसी पहले से ज्यादा दमदार रही। इस बार तो उनके लिए मायावती ने नया पद ही बना दिया। आकाश आनंद को लेकर पहले जैसा घमासान मचा था और अब जिस तरह से उनकी वापसी हुई है, उससे बसपा समर्थकों के मन में कई सवाल जरूर होंगे। दलित राजनीति में मायावती आज भी बड़ा नाम हैं। लेकिन, यह भी सच्चाई है कि हर नेता का वक्त होता है और उसे समय रहते अपना उत्तराधिकारी तैयार करना पड़ता है। लगता है कि मायावती इसके लिए पूरी तरह से मन नहीं बना पा रही हैं। पार्टी का एकमात्र चेहरा वह खुद हैं। उनके बाद दूसरी कतार के ज्यादातर नेता पार्टी छोड़कर जा चुके हैं या निष्कासित कर दिए गए हैं।

मायावती ने अपना कोई विकल्प कभी उभरने नहीं दिया। ऐसे में आकाश की वापसी के अलावा कोई रास्ता नहीं था। मायावती पार्टी को अपनी विशिष्ट शैली में चलाती हैं, समर्थकों से संवाद करने का उनका अपना तरीका है। हालांकि सोशल मीडिया के दौर में वोटर्स की जो नई पीढ़ी आई है, वह उस पुराने तरीके से शायद बसपा से कनेक्ट नहीं कर पा रही। उसने बहुजन आंदोलन के संघर्ष को नहीं देखा है। चुनावों को छोड़कर, बाकी वक्त में पार्टी सक्रिय विपक्ष की भूमिका में नहीं दिखती- न उसने पिछले काफी समय से कोई बड़ा आंदोलन किया है। कन्फ्यूजन में घिरी बसपा चुनावों में उतरती तो है, लेकिन अब टक्कर देती हुई नहीं दिखती। पिछले एक दशक में उसका वोट शेयर लगातार नीचे आया है।

2019 आम चुनाव में पार्टी ने जब समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया था, तब उसका वोट शेयर 19.2% था और 10 सीटें मिली थीं। 2024 में अकेले चुनाव लड़ने उतरी बसपा का वोट शेयर केवल 9.3% रह गया और खाता भी नहीं खुला। इसी तरह, 2022 के विधानसभा चुनाव में 12.8% वोट मिले थे। बसपा के वोटर पार्टी के प्रति समर्पित माने जाते हैं। लेकिन, आंकड़े बताते हैं कि यह कोर वोटबैंक भी मायावती से दूर जा रहा है और इसका फायदा मिल रहा है भाजपा व समाजवादी पार्टी को। सदन से सड़क तक बसपा की मौजूदगी सिमटती गई है और 2027 का विधानसभा चुनाव उसके लिए अस्तित्व की लड़ाई है। इसके पहले उसे सारे कन्फ्यूजन दूर करने होंगे।

## ...आज का दिन...

**मेष**- ग्रहस्थिति अनुकूल, लाभ का मार्ग प्रशस्त, व्यापार में धन निवेश, परोपराकर में प्रवृत्ति, दूसरों के आश्वासनों से राहत, बुद्धि का विकास।

**वृषभ**- निराशा का समापन, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, जीवन साथी का सान्निध्य, मनोरंजन में प्रवृत्ति।

**मिथुन**- कठिनाइयों का निवारण, पारिवारिक उलझनों में कमी, विरोधी परास्त, आशानुकूल परिवर्तन, सामाजिक गतिविधियों में रुचि, सलाह मान्य।

**कर्क**- आर्थिक पक्ष से असंतोष, इच्छित पद की प्राप्ति में अड़चनें, प्रतियोगिता में असफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएँ, मनोव्यथा।

**सिंह**- पराक्रम से कार्य सिद्धि, आरोग्य सुख में वृद्धि, धन-सम्पत्ति विषयक मसला हल, सुसमाचार की प्राप्ति, हर्षोल्लास का माहौल, व्यक्तिगत जीवन में सफलता।

**कन्या**- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, उत्तरदायित्व का निर्वाह, विवादास्पद मसला हल।

**तुला**- पारिवारिक समस्याओं का समाधान, कर्ज निवृत्ति का प्रयास, उत्साह में वृद्धि, विनियोजित धन का प्रतिफल, इच्छानुकूल घटना घटित, यात्रा का प्रसंग।

**वृश्चिक**- अभीष्ट कार्यों में प्रतिकूलता, उत्तरदायित्व की पूर्ति में मुश्किलें, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, राजकीय पक्ष से उलझनें, आपसी संबंधों में कटुता।

**धनु**- समस्याओं का समाधान, शारीरिक-मानसिक कष्ट में कमी, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास, व्यावसायिक प्रगति पर विचार-विमर्श, आत्मबल में वृद्धि।

**मकर**- आर्थिक स्थिति में सुधार, स्वयं का निर्णय हितकर, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, धन-सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता।

**कुम्भ**- व्यावसायिक पक्ष में सफलता, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, शुभ-भावनाओं का उदय, आत्मिक शांति, मनोरंजन में रुझान, सामाजिक गतिविधियों में रुचि।

**मीन**- अभिलाषा की पूर्ति में व्यवधान, मानसिक उलझनें प्रभावी, वैचारिक अस्थिरता, शत्रु सक्रिय, वैवाहिक जीवन में असंतोष, मित्रों से मतभेद।

-: श्री विमल जैन :-
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002 ( उ0प्र0 )- मो0:-09335414722

# बलूचिस्तान की "आज़ादी" में बोलती है हिंदुस्तानी "आत्मा"



**दक्षिण-पश्चिम एशिया में स्थित बलूचिस्तान केवल पाकिस्तान का एक प्रांत नहीं, बल्कि यह एक जिंदा कौम की भूमि है, जिसकी संस्कृति, आस्था और इतिहास के साथ आध्यात्मिक दृष्टि से भारत से गहराई से जुड़ा हुआ है। पाकिस्तान ने बलूचों की धरती को जबरन कब्जाया, लेकिन उनकी आत्मा और पहचान पर कब्जा नहीं कर सका। यही नहीं, इसी बलूच भूमि पर विराजमान हैं हिंगलाज माता - सनातन की पवित्र शक्ति पीठ, जो आज भी इस बात की गवाही देती हैं कि भारत और बलूच एक सांस्कृतिक राग से जुड़े हैं।**

**इसी संस्कृति और विरासत या यूं कहें हिंगलाज देवी मंदिर भारत और बलूचिस्तान की साझी विरासत को सहेजने के लिए बलूच लोग अपनी आज़ादी और पहचान के लिए दशकों से संघर्ष कर रहे हैं।**

**ऐसे में बड़ा सवाल तो यही है क्या पाकिस्तान ये भी दावा करेगा कि भारत की कुलदेवियां अब उसकी हैं? बलूच मुसलमान भी इस मंदिर को "नानी मंदिर" कहते हुए इज्ज़त देते हैं। यह पाकिस्तान की कट्टरपंथी सोच पर करारा तमाचा है। बलूचिस्तान का संघर्ष दुनिया की निगाहों से भले ही ओझल हो, लेकिन भारत में हिंगलाज माता की आराधना उस सांस्कृतिक एकता की याद दिलाती है, जिसे किसी भी दीवार से अलग नहीं किया जा सकता :-**

*- सुरेश गांधी -*

भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच बलूचिस्तान की आजादी की मांग तेज हो गई है। भला क्यों नहीं, मौका है भारत में राष्ट्रवादी सरकार का और उसके अनुरुप अपेक्षाओं का। दावा है कि पाकिस्तान का हर साल हजारों बलूच लोगों को गायब करके मार देना अगर एक के लिए सच है. तो एक बलूची की हर दिन छिनती रोजी और कुचलते जम्हूरियत के हुकूक के बीच से उठती स्वराज की मांग भी दूसरे के लिए सच है।

दिलचस्प बात ये है कि एक समय बलूचिस्तान की आजादी की पैरोकारी भी मुहम्मद अली जिन्ना ही कर रहे थे। मीर ने दावा किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान में पैदा हुए तनाव के बीच, बलूचिस्तान और उसके लोगों ने भारत के प्रति समर्थन जताया है। उन्होंने कहा बलूचिस्तान लोकतांत्रिक गणराज्य के लोग भारत के लोगों को अपना पूरा समर्थन देते हैं। चीन पाकिस्तान की मदद कर रहा है, लेकिन बलूचिस्तान और उसके लोग भारत की सरकार के साथ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अकेले नहीं हैं, आपके पास 6 करोड़ बलोच देशभक्तों का समर्थन है। खास यह है कि पाकिस्तान से आजादी के ऐलान के लिए बलूचिस्तान ने अपना नया झंडा और नया नक्शा भी जारी कर दिया है। बलूच नेता मीर यार ने बलूचिस्तान के पाकिस्तान से अलग होने का दावा किया और दुनियाभर के देशों से इस फैसले के समर्थन और अलग देश को मान्यता देने की मांग की है. बलूचों द्वारा जिस तरह से आए दिन पाकिस्तानी सेना और आर्म्ड फोर्सेज की यूनिट को निशाना बनाकर पाकिस्तान की सरकार को चेतावनी दी जा रही है, उससे साफ है कि अलग राष्ट्र की मांग रुकने वाली नहीं है. अगर बलूचिस्तान एक स्वतंत्र देश हो जाता है, तो देश के हिंदुओं के लिए दो बड़े और ऐतिहासिक मंदिरों के द्वार खुल जाएंग- पहला हिंगलाज माता मंदिर और दूसरा कटासराज मंदिर। जिस तरह से भारतीय सिख समुदाय के लिए करतारपुर कॉरिडोर बनाया गया और गुरुद्वारा दरबार साहिब तक पहुंच आसान हुई, ठीक उसी तरह से हिंगलाज माता मंदिर और कटासराज मंदिर के द्वार भारतीय हिंदू के लिए खुल सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र के नियमों के मुताबिक किसी भी नए देश को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलने के लिए एक तय प्रक्रिया से गुजरना होता है। यह पाकिस्तान के कुल क्षेत्रफल का 44 प्रतिशत हिस्सा है. बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान कर दिया। उन्होंने दावा किया कि बलूच लोग दशकों से हिंसा, मानवाधिकार उल्लंघन और अपहरण का सामना कर रहे हैं और अब उन्होंने अपना फैसला सुना दिया है कि बलूचिस्तान अब पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। मीर यार ने भारत और वर्ल्ड समुदाय से बलूचिस्तान की आजादी को मान्यता देने और समर्थन की अपील की है। बलूचिस्तान में लंबे समय से पाकिस्तान सरकार के खिलाफ नाराजगी है।

वहां की जनता पाकिस्तान से अलग होकर स्वतंत्र देश बनना चाहती है। इसकी बड़ी वजह दशकों से जारी हिंसा सेना की कार्रवाई और स्थानीय लोगों के शोषण को बताया जा रहा है। मीर यार बलोच का कहना है कि बलूच लोग सड़कों पर उतर चुके हैं और यह आंदोलन अब रुकने वाला नहीं है। उन्होंने भारत से नई दिल्ली में बलूच दूतावास खोलने की अनुमति और संयुक्त राष्ट्र से आर्थिक मदद पासपोर्ट, करेंसी आदि के लिए फंड की मांग भी की है। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा और प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध प्रांत है, जो ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। खास यह है कि जब पाकिस्तान इस पर जबरन अपना आधिपत्य जमाया है, तब से लेकर आज तक बलूच लोग कई बार पाकिस्तान सरकार के खिलाफ बगावत कर चुके हैं। उनकी मुख्य मांगें हैं: राजनीतिक स्वायत्तता या स्वतंत्रता, प्राकृतिक संसाधनों (गैस, खनिज, तटवर्ती क्षेत्र) पर अधिकार, पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसियों द्वारा हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन का अंत, बलूच आंदोलन को दुनिया भर में बलूच डायस्पोरा (प्रवासी समुदाय) समर्थन देता है, विशेषकर यूरोप, अमेरिका और भारत में। बलूचिस्तान की आज़ादी की मांग और हिंगलाज देवी की उपस्थिति एक साथ यह दर्शाती है कि राजनीतिक सीमाएं संस्कृति और आस्था को नहीं बांध सकतीं। हिंगलाज देवी इस बात की प्रतीक हैं कि भारत और बलूचिस्तान का रिश्ता केवल भूगोल का नहीं, बल्कि खून, संस्कृति और विश्वास का है।

मंदिर आज भी बलूचों और भारतीयों के साझा इतिहास की गवाही देता है, जिसे पाकिस्तान की झूठी सरहदें मिटा नहीं सकतीं। पाकिस्तान चाहे जितना बल प्रयोग कर ले, न बलूचों की आज़ादी की चाह मरेगी, न भारत और हिंगलाज माता का रिश्ता। भारत में बलूच स्वतंत्रता आंदोलन को कुछ हलकों से नैतिक समर्थन भी प्राप्त है। हर साल नवरात्रि के अवसर पर कई हिन्दू तीर्थयात्री यहां दर्शन के लिए आते थे, लेकिन अब पाकिस्तान सरकार की अनुमति पर निर्भर है।

राजस्थान, गुजरात और मध्य भारत में बसे हिंगलाज माता भक्त आज भी मानसिक रूप से उस तीर्थ से जुड़े हैं। बता दें, 1947 के भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय बलूचिस्तान एक स्वतंत्र रियासत था। 1948 में पाकिस्तान द्वारा बलपूर्वक धोखे से अपने कब्जे में ले लिया। तब से लेकर अब तक बलूच लोग अपनी आज़ादी की लड़ाई लड़ रहे हैं। कभी बंदूक से, कभी कलम से, और कभी अपने लापता बेटों की तस्वीरें लिए सड़कों पर। पाकिस्तान की सेना द्वारा किए गए मानवाधिकार उल्लंघनों की लंबी सूची है: अपहरण, हत्या, और संसाधनों की लूट। बलूच लोगों का आरोप है कि पाकिस्तान सरकार ने उनके संसाधनों का दोहन किया, उन्हें राजनीतिक हाशिए पर रखा और उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन किया। आज भी बलूच विद्रोही संगठन पाकिस्तान से स्वतंत्रता की मांग कर रहे हैं। मतलब साफ है यह संघर्ष न केवल राजनीतिक है, बल्कि अपनी पहचान, संस्कृति और अधिकारों को बचाने का संघर्ष भी है। वैसे तो यह मंदिर आदिकाल से है। लेकिन इतिहास के ज्ञात स्रोतों के मुताबिक यह। मंदिर 2000 वर्ष पहले भी यहीं स्थित था। पाकिस्तान में बलूचिस्तान हमेशा से बफर जोन वाला हिस्सा रहा है, और बलोच सरकार के साथ हमेशा से इसका संघर्ष रहा है। वैसे बलूचिस्तान प्रांत का जितना जुड़ाव पाकिस्तान से है, उतना ही यह हिस्सा भारतीयों के लिए भी महत्वपूर्ण रहा है। धार्मिक नजरिए से देखें तो बलूचिस्तान में ही 51 शक्तिपीठों में से एक महत्वपूर्ण शक्ति स्थल मौजूद है, जो हिंगलाज भवानी के नाम से मशहूर है। कहा जाता है हिंगोल नदी के तट पर स्थित ये शक्तिपीठ सतयुग के समय से है जिसे देवी आदिशक्ति के कई अवतारों और स्वरूपों में से एक माना जाता है।

आंदोलन के मुख्य मुद्दे: बलूच राष्ट्रवादी संगठनों का दावा है कि पाकिस्तान ने जबरदस्ती बलूचिस्तान को मिलाया और वहां के संसाधनों का शोषण किया।

राजनीतिक और प्रशासनिक स्वायत्तता

गैस, तांबा, कोयला जैसे संसाधनों पर स्थानीय अधिकार

पाकिस्तानी सेना द्वारा मानवाधिकारों का हनन

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बलूच प्रवासी इस मुद्दे को उठाते रहते हैं।

बलूच लोगों के मानवाधिकारों का सम्मान किया जाए।

भारत में बलूच और हिन्दू सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखा जाए।

बलूच-हिंदू संबंधों पर और शोध तथा संवाद को बढ़ावा दिया जाए।

**51 शक्तिपीठों में से एक है माता हिंगलाज, होती है मस्तक की पूजा**

बलूचिस्तान की गुफाओं और पहाड़ियों के बीच बसी हैं हिंगलाज माता, जो 51 शक्तिपीठों में से एक हैं। हिन्दू मान्यता के अनुसार, यही वह स्थान है जहां देवी सती का ब्रह्मरंध्र (मस्तक) गिरा था। यह तीर्थ भारत के करोड़ों हिन्दुओं, विशेषकर राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के लोगों की कुलदेवी भी हैं। खास यह है कि न केवल हिन्दू श्रद्धालु, बल्कि स्थानीय बलूच मुसलमान भी इस मंदिर को "नानी मंदिर" के नाम से श्रद्धा से पूजते हैं। यह बलूच संस्कृति की सहिष्णुता और धर्मनिरपेक्षता का परिचायक है। हिंगलाज माता भारत और बलूचिस्तान के बीच एक ऐसे सांस्कृतिक सेतु का कार्य करती हैं, जो राजनीतिक सीमाओं से परे है। भारत में हिंगलाज माता के भक्त आज भी बलूचिस्तान के मंदिर की ओर मन से झुकते हैं। कई संतों और साधुओं ने सदियों तक इस तीर्थ की यात्रा की है। यह संबंध केवल धार्मिक नहीं, बल्कि ऐतिहासिक और भावनात्मक भी है। बलूचिस्तान की धरती पर स्थित यह तीर्थ इस बात का प्रमाण है कि भारत और बलूच सांस्कृतिक धारा एक समय एक साथ बहती थी।

**दुर्गा चालीसा में भी है हिंगलाज माता का जिक्र**

हिंगलाज देवी का जिक्र दुर्गा चालीसा में भी होता है. इसमें देवी दुर्गा का एक नाम हिंगलाज भवानी बताया गया है और कहा गया है..कि उनकी महिमा का बखान नहीं किया जा सकता है।

हिंगलाज में तुम्हीं भवानी,
महिमा अमित न जात बखानी

हिंगलाज शब्द, सुहाग की रक्षा करने वाली देवी के तौर पर आया होगा। हिंगुल शब्द का अर्थ सिंदूर से भी होता है। ऐसे में सिंदूर की लाज बचाने वाली देवी हिंगलाज भवानी हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सतयुग में जब भगवान शिव की पत्नी देवी सती ने दक्ष यज्ञ में खुद को नष्ट कर लिया, तब क्रोधित शिव सती की मृत देह को लेकर तीनों लोकों का भ्रमण..करने लगे। शिव के क्रोध को शांत करने के लिए और उन्हें इस दुख से उबारने के लिए भगवान विष्णु ने सती के शरीर को चक्र से काट दिया और सती के शरीर के अलग-अलग अंग जिन 51 स्थलों पर गिरे, वह शक्तिपीठ कहलाए. केश गिरने से महाकाली, नैन गिरने से नैना देवी, सहारनपुर के पास शिवालिक पर्वत पर शीश गिरने से शाकम्भरी आदि..शक्तिपीठ बन गए। सती माता के शव के सिर का पिछला हिस्सा (ब्रह्मरंध्र) हिंगोल नदी के तट पर चंद्रकूप पर्वत पर गिरा और यहां हिंगलाज भवानी की स्थापना हुई।

संस्कृत में हिंगुला शब्द सिंदूर के लिए भी प्रयोग होता है, इस तरह माता की मान्यता सुहागिन महिलाओं में भी बहुत है। हिंगलाज भवानी की तीर्थयात्रा- सनातन परंपरा में शक्तिपीठों को आदिशक्ति देवी दुर्गा का साक्षात स्वरूप माना जाता है। इस शक्तिपीठ के बारे में मान्यता है कि, यहां की यात्रा चार धाम की यात्रा जितनी ही फलदायी है. जिस तरह जीवन में एक बार प्रयाग के संगम में स्नान, गंगा सागर में तर्पण और चारधामों के दर्शन जरूरी हैं, उसी तरह हिंगलाज भवानी के दर्शन भी तीर्थयात्रा में शामिल हैं। बंटवारे से पहले तक शक्तिपीठों की तीर्थयात्रा की एक परंपरा भी थी, जिसे कनफड़ योगी जरूर निभाते थे और यह उनसे होकर सामान्य लोगों के बीच भी प्रचलित थी। हालांकि कनफड़ योगी अभी भी शक्तिपीठ यात्रा परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं और शाक्त मत के अनुयायी-श्रद्धालुओं के लिए यह स्थल सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन बंटवारे के बाद हिंगलाज भवानी के तीर्थयात्रियों की संख्या में कमी आई, हालांकि अभी भी कई श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

**बालोची करते हैं देखभाल**- स्थानीय बलोच लोग इसे बेहद चमत्कारिक स्थान मानते हैं। सुरम्य पहाड़ियों की तलहटी में स्थित यह गुफा मंदिर इतने बड़े क्षेत्र में है कि श्रद्धालु दंग रह जाते हैं। वैसे तो यह मंदिर आदिकाल से हलेकिन इतिहास के ज्ञात स्रोतों के मुताबिक यह मंदिर 2000 वर्ष पहले भी यहीं स्थित था। शक्तिपीठ में देवी की मौजूदगी पिंडी स्वरूप में, एक शिला पर देवी का स्वरूप उभरा हुआ है, जिसके दर्शन करने के लिए श्रद्धालु पहुंचते हैं। नवरात्रि के दौरान तो यहां पूरे नौ दिनों तक शक्ति की उपासना का विशेष आयोजन होता है। सिंध-कराची के हजारों सिंधी हिन्दू श्रद्धालु यहां माता के दर्शन को आते हैं। भारत से भी प्रतिवर्ष एक दल यहां दर्शन के लिए जाता है।

**माता हिंगलाज देती है मोक्ष का वरदान**

प्राचीन ग्रंथों के मुताबिक एक सनातनी हिंदू चाहे चारों धाम की यात्रा क्यों ना कर ले, काशी के गंगाजल में स्नान भी क्यो ना कर ले, अयोध्या में दर्शन कर ले। लेकिन अगर वह हिंगलाज देवी के दर्शन नहीं करता तो उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है. स्थानीय परंपरा के मुताबिक जो स्त्रियां इस स्थान का दर्शन कर लेती हैं उन्हें हाजियानी कहते हैं। उन्हें हर धार्मिक स्थान पर सम्मान के साथ देखा जाता है। पाकिस्तान का सबसे बड़े हिंदू उत्सव हिंगलाज यात्रा मनाया जाता है। हिंगलाज माता का प्राचीन गुफा मंदिर देश के उन कुछ हिंदू स्थलों में से एक है, जहां हर साल बड़ी संख्या में तीर्थयात्री आते हैं। आपको बता दें कि मुस्लिम बहुल पाकिस्तान में 44 लाख हिंदू रहते हैं, जो कि कुल आबादी का सिर्फ 2.14 प्रतिशत है। भक्तगण ज्वालामुखी के शिखर तक पहुंचने के लिए सैकड़ों सीढ़ियां चढ़ते हैं या चट्टानों से होते हुए यात्रा करते हैं। यहां मौजूद गड्ढे में नारियल और गुलाब की पंखुड़ियां फेंकते हैं और हिंगलाज माता के दर्शन के लिए दैवीय अनुमति मांगते हैं। यहां तीन दिवसीय मेला लगता है। मंदिर के सबसे वरिष्ठ पुजारी महाराज गोपाल बताते हैं कि लोग यहां क्यों आते हैं। वह कहते हैं, "यह हिंदू धर्म में सबसे पवित्र तीर्थस्थल है। जो कोई भी इन तीन दिनों के दौरान मंदिर में आता है और पूजा करता है, उसके सभी पाप क्षमा हो जाते हैं।"

**अंगारों पर चलने की परंपरा**- मान्यताओं के अनुसार एक बार यहां माता ने प्रकट होकर वरदान दिया कि जो भक्त मेरा चुल चलेगा उसकी हर मनोकामना पुरी होगी। चुल एक प्रकार का अंगारों का बाड़ा होता है जिसे मंदिर के बाहर 10 फिट लंबा बनाया जाता है और उसे धधकते हुए अंगारों से भरा जाता है। इन्हीं अंगारों पर चलकर मन्नतधारी मंदिर में पहुचते हैं। ये माता का चमत्कार ही है कि किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है और उसकी मन्नत जरूर पूरी होती है। हालांकि पिछले कुछ सालों से इस परंपरा पर रोक लगी है। इस मंदिर से जुड़ी एक और मान्यता है। कहा जाता है कि हर रात इस स्थान पर ब्रह्मांड की सभी शक्तियां एकत्रित होकर रास रचाती हैं और दिन निकलते हिंगलाज माता के भीतर समा जाती हैं।

## चंदौली

# सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत




तरूणमित्र न्यूज

**डीडीयू नगर, चंदौली।** सैयदराजा थाना क्षेत्र के हलुआ गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुची पुलिस ने तत्काल दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहा चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वही दूसरे की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया जहा इलाज़ के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

बताते है कि यह बिहार के थाना चांद क्षेत्र के रहने वाले मिथलेश कुमार 40 वर्ष व सावल 35 वर्ष बाइक से विजय नारायण पुर गांव में अपने ससुराल जा रहे थे। इसी दौरान हलुआ मड़ई के पास अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे धरौली चौकी इंचार्ज संतोष कुमार मौके ने पर पहुंचकर दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। जब कि दूसरे की हालत गंभीर होने पर वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना में मृत दोनों सगे भाई बताए जा रहे हैं।

सैयदराज थाना प्रभारी विंदेश्वरी पांडे ने बताया सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# गोल्डन काशी वाटर पार्क में नशे में धुत युवकों ने की मारपीट

तरूणमित्र न्यूज

**डीडीयू नगर, चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के महादेवपुर रिंग रोड स्थित गोल्डन काशी वाटर पार्क में नशे में धुत युवकों ने जमकर हंगामा किया। बाइक की चाबी खोने के बाद युवकों ने बवाल मचाया और मारपीट शुरू कर दी, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। विवाद बढ़ता देख सुरक्षा में तैनात बाउंसर भी मौके से भाग निकले। बताया जा रहा है कि यह वाटर पार्क नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। प्रतिबंध के बावजूद नशे की हालत में एंट्री पर संचालकों की लापरवाही उजागर हुई है। पार्क में पार्किंग जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। कुछ ही दिन पहले शुरू हुए इस वाटर पार्क पर अब सवाल उठने लगे हैं।

एसडीएम मुगलसराय अनुपम मिश्रा ने बताया कि पार्क के संचालन मानकों की जांच कराई जाएगी और खामियां मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सीडीओ आर. जगत सांई ने आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट को दिखाई हरी झंडी

तरूणमित्र न्यूज

**चंदौली।** के विकास भवन परिसर से मुख्य विकास अधिकारी आर. जगत सांई ने आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यूनिट का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को सुलभ कराना है।

सीडीओ ने कहा कि यह यूनिट प्राथमिक उपचार के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी करेगी। शासन की मंशा है कि हर नागरिक को समग्र और समावेशी स्वास्थ्य सुविधा मिले। इस अवसर पर डॉ. श्याम सुंदर नीरज, आलोक कुमार गुप्ता, संजीव कुमार मिश्र, बृजेश कुमार



वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

यूनिट के साथ वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. धर्मदेव कुशवाहा, फार्मासिस्ट अनूप कुमार सिंह और वार्ड ब्वाय सुधाकर को तैनात किया गया है।

# "हम इंसान हैं, मशीन नहीं!"- समर कैंप की जबरन ड्यूटी पर अनुदेशकों का फूटा गुस्सा

तरूणमित्र न्यूज

**चंदौली।** एक ओर चिलचिलाती गर्मी में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए समर कैंप की तैयारी हो रही है, दूसरी ओर उन्हीं स्कूलों में सेवा दे रहे अनुदेशक शिक्षकों का धैर्य जवाब दे रहा है। कारण? बिना मानवीय संवेदना के, बिना सुरक्षा के, बिना पर्याप्त वेतन के सीधे समर कैंप की ड्यूटी थोप दी गई है।

"बिना सुरक्षा, बिना सुविधा, सिर्फ फरमान?" बुधवार से चंदौली जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों और कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैंप शुरू होने जा रहा है। लेकिन इस समर कैंप को लेकर अनुदेशकों में गहरा असंतोष है। उन्होंने राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा और महानिदेशक स्कूल शिक्षा पर सीधा आरोप लगाया है। "यह फैसला पक्षपातपूर्ण है, अनुदेशकों को जबरदस्ती झोंका जा रहा है।" "हम कोई बंधुआ मजदूर नहीं हैं, हम शिक्षा का दीप जलाते हैंज् लेकिन बदले में अपमान और अनदेखी मिलती है!" यह दर्द है उन अनुदेशकों का, जिन्हें आज भी पूर्ण शिक्षक का दर्जा नहीं दिया गया, लेकिन हर अतिरिक्त काम में सबसे पहले उन्हीं का नाम जुड़ता है।

बीएसए को सौंपा गया ज्ञापन, मांगी 5 ठोस गारंटी- अनुदेशक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की अगुवाई में अनुदेशकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वरिष्ठ अनुदेशक विकास यादव के नेतृत्व में यह 5 प्रमुख मांगे रखी गईं- 1. ड्यूटी के दौरान किसी भी दुर्घटना, शारीरिक क्षति या मृत्यु की स्थिति में परिजनों को सरकारी राहत और आश्रित को नौकरी। 2. समर




कैंप ड्यूटी अवधि को आकस्मिक अवकाश में जोड़ा जाए और पूरी ड्यूटी अवधि का प्रतिकर दिया जाए।

3. अनुदेशकों को "ग्यारह माह 29 दिन" का नियमित मानदेय मिले। 4. छह हजार के स्थान पर 15,000 रुपये प्रति माह मानदेय दिया जाए। कम से कम इतनी गर्मी में सेवा करने लायक तो समझा जाए। 5. ड्यूटी के दौरान किसी भी छात्र-छात्रा के साथ कोई दुर्घटना होती है तो अनुदेशक जिम्मेदार नहीं माना जाए।

"सिर्फ जिम्मेदारियां, कोई अधिकार नहीं?" विकास यादव ने ज्ञापन में प्रशासन को साफ शब्दों में चेतावनी दी- "यदि इन मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो हम समर कैंप ड्यूटी के बहिष्कार पर विवश होंगे। हमें सिर्फ काम के वक्त याद किया जाता है, लेकिन वेतन, सुविधा, और मान-सम्मान के वक्त हम गायब कर दिए जाते हैं।" "चिलचिलाती धूप में जान जोखिम में डालें, वो भी 6 हजार में" अनुदेशक सवाल पूछ रहे हैं- "जब पूरा प्रदेश भीषण गर्मी से जूझ रहा है, तापमान 44-45 डिग्री तक पहुंच रहा है, तब क्या हम मशीन हैं जो बिना बीमार हुए, बिना मरे, काम करते रहें?" "क्या सरकार के पास हमारी सुरक्षा की कोई योजना है?" "अगर किसी महिला अनुदेशिका के साथ कैंप के दौरान कोई अनहोनी होती है, तो क्या विभाग जवाबदेह होगा?" "हम सम्मान नहीं भीख मांग रहे हैं"। ज्ञापन देने वालों में कौन-कौन शामिल? ज्ञापन सौंपने के दौरान अनुदेशकों का हुजूम बीएसए कार्यालय पर उमड़ पड़ा। प्रमुख अनुदेशकों में शामिल रहे।

जिला अध्यक्ष- अभिनव सिंह हमिदा ज्ञान प्रकाश, रविन्द्र मौर्या, अमित सिंह, प्रिया सिंह, प्रवीण, आशीष सिंह, प्रीति, रेखा मौर्या, अरविन्द, संतोष, भास्कर, प्रमोद नवीन, अब्दुल मजीद, रामनरेश, बंदना, पूजा गुप्ता, सरोज पाल, विनोद, पंकज, अरिमर्दन आदि।

हर चेहरे पर गुस्सा भी था और गहरी थकावट भी। "सिर्फ काम ही काम, कोई इंसानी संवेदना नहीं।" बीएसए बोले बात को गंभीरता से लेंगे। बीएसए सचिन कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि ज्ञापन में उठाई गई सभी मांगों को उच्च स्तर तक पहुंचाया जाएगा, और यथासंभव समाधान का प्रयास किया जाएगा।

# मृत शिक्षामित्र की पत्नी को मिली 1.44 लाख रुपये की आर्थिक मदद

तरूणमित्र न्यूज

**चंदौली।** जनपद के प्राथमिक विद्यालय भिसौड़ी में तैनात रहे दिवंगत शिक्षामित्र चन्द्रशेखर के परिजनों को शिक्षकों व शिक्षामित्रों ने 1,44,600 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह सहायता प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष इन्द्रजीत यादव अजीत व खंड शिक्षाधिकारी नियामताबाद मनोज कुमार के प्रयासों से संभव हो सकी।

चन्द्रशेखर लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण समुचित इलाज नहीं हो पाया और उनका असमय निधन हो गया। इस दुःखद घड़ी में शिक्षामित्रों ने संयुक्त रूप से



सहयोग कर मृतक की पत्नी के खाते में 1.28 लाख ऑनलाइन भेजे, साथ ही 16,100 रुपये नकद दिए गए।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान महेन्द्र यादव समेत कई शिक्षक व शिक्षामित्र उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष इन्द्रजीत यादव ने सरकार से शिक्षामित्रों को सम्मानजनक मानदेय देने की मांग की।

# गाड़ी पार्किंग विवाद में मौत, सपाइयों ने उठाए कानून व्यवस्था पर सवाल

तरूणमित्र न्यूज

**चंदौली।** जिले के नेगुरा गांव में गाड़ी खड़ी करने को लेकर दो समुदायों में विवाद इतना बढ़ा कि बादशाह नामक युवक की हत्या हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

मृतक के घर पहुंचे सपा सांसद वीरेंद्र प्रताप सिंह, विधायक प्रभु नारायण सिंह और मनोज सिंह काका ने पीड़ित परिवार को 1 लाख की आर्थिक मदद दी और जिला प्रशासन पर जमकर हमला बोला। नेताओं ने कहा कि जिले में अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है, पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है।

सांसद सिंह ने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर कानून व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। उन्होंने धानापुर में बस संचालक मुट्टन सिंह की हत्या का भी जिक्र किया, जहां मुख्य आरोपी अब भी फरार है। बढ़ती घटनाओं से पुलिस पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

# टूल किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत हुआ टूल किट्स का वितरण





सुलतानपुर । उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की महत्वाकांक्षी टूल किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के आवेदकों को दोना पत्तल, पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन एवं माटी कला कारीगरों को पगमिल का वितरण किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद उ0प्र0 माटी कला बोर्ड के पूर्व सदस्य एम0पी0 प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा की जिलाध्यक्षा सुमन राव कोरी ने ग्रामीण क्षेत्रों के टूल किट्स लाभार्थियों को मशीने वितरित करते हुए इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रोत्साहन में मील का पत्थर बताया। विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र भार्गव प्रदेश महामंत्री प्रजापति समाज ने ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद लोगो तक योजनाओं का लाभ पहुचाने के लिए खादी ग्रामोद्योग विभाग की भूरि-भूरि प्रशंसा की। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राम सुरेश यादव ने बताया कि गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के 52 लाभार्थियों का चयन टूल किट्स वितरण हेतु किया गया, माटीकला के 30 एवं पॉपकार्न के लाभार्थियों को टूल किट्स का वितरण मा0 प्रभारी मंत्री जी एवं विधायक गण की उपस्थिति में समारोह पूर्वक किया गया था, अवशेष लाभार्थियों को टूल किट्स का वितरण आज जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें दोना पत्तल के 08 लाभार्थी, पॉपकॉर्न मशीन के 06 लाभार्थी एवं पगमिल के 03 लाभार्थियों को मशीन वितरित की गयी। उन्होने बताया कि माडल प्रोजेक्ट के तहत माटीकला पगमिल एवं हनी बाक्स का वितरण जनपद में पहली बार टूल किट्स योजना में किया गया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी पॉपकॉर्न मेकिंग मशीनों के लिए 25 मई एवं विद्युत चालित चॉक हेतु 30 जून तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। इस अवसर पर कनिष्ठ सहायक अनिल कुमार पाण्डेय, आशुतोष मिश्र, राम प्रकाश पाल एवं शनि कुमार सहित लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

सुलतानपुर । जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह की उपस्थिति में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। उक्त बैठक में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, एनएच-731, सहित अन्य मार्गों पर सड़क दुर्घटना को कम करने, गहन जन जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने, वाहनों एवं परिवहन चालक का स्वास्थ्य चेकअप करने, दुर्घटना ग्रस्त हॉट-स्पॉट को चिन्हित करने, गाड़ियों पर रिफ्लेक्टर लगाये जाने, बगैर हेलमेट व ओवर स्पीड पर कार्यवाही किये जाने, मोडीफाई साइलेन्सर को रोकने, सड़कों की मरम्मत, स्पीड कन्ट्रोल डिवाइस लगाये जाने, ई-परिवहन एप का प्रचार-प्रसार किये जाने आदि के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। जनपद में मार्च, 2024 की तुलना में मार्च, 2025 में दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि होने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा एक्सीईन पी0डब्ल्यू0डी0 को निर्देशित किया गया कि चिन्हित हॉट-स्पॉट के साथ विभिन्न राजमार्गों के सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ताओं के साथ बैठक कर दुर्घटना बढ़ने के कारण का पता लगायें तथा उक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे व एनएच-731 पर ट्रैफिक लाइट लगाये जाने, अन्य जगहों पर प्रकाश की व्यवस्था करने तथा साइनेज और बढ़ाये जाने के दृष्टिगत निर्देशित किया कि प्रस्ताव भिजवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा एनएच-731 पर बढ़ती दुर्घटनाओं के दृष्टिगत जनपद में कुल-45 किमी0 दूरी का सर्वे करने हेतु एक जॉच कमेटी बनाने के निर्देश दिये, जिसमें एक्सीईएन पी0डब्ल्यू0डी0, एआरटीओ, ट्रैफिक इंपेक्टर व सम्बन्धित एसएचओ सदस्य होंगे तथा जॉच कमेटी द्वारा यथाशीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत की जाय। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ई-परिवहन एप का लाइव डेमो, वाहनों के फिटनेस मानक, स्पीड के मानक, गाड़ियों में रिफ्लेक्टर लगाने का गहन अभियान चलाया जाय तथा रोड का मरम्मतीकरण, यातायात के नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी एकीकृत प्रयास करते हुए गहन चेकिंग अभियान चलाकर दुर्घटना की दर को कम किया जाए तथा अनावश्यक रूप से किसी को परेशान न किया जाय। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे व नेशनल हाईवे-731 पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरों का अधिष्ठापन कराये जाने, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में आपात सहायता हेतु एम्बुलेंस इत्यादि का जीवन रक्षक उपकरणों के साथ व्यवस्थापन, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की सुरक्षा व सेफ्टी हेतु एक्सप्रेस-वे अथॉरिटी की तरह से गश्त व्यवस्था तथा पुलिस गश्त हेतु वाहन की व्यवस्था, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर स्थिति एयर स्ट्रिप की सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा की गयी। ट्रैफिक रेगुलेशन हेतु यातायात बूथ और ट्रैफिक आई-लैंड का व्यवस्थापन, यातायात अतिक्रम, वाहन पार्किंग, यातायात सुरक्षा संबंधी जागरूकता गतिविधियां, किसी महत्वपूर्ण चौराहों पर यातायात सिग्नल लाईट (पायलट प्रोजेक्ट) आदि के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। उन्होंने दुर्घटनाओं को कम करने के दृष्टिगत पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे व एनएचआई के अधिकारियों को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के साथ मीटिंग करने तथा सभी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि सभी स्ट्रीट वेंडरों को वेन्डिंग जोन में शिफ्ट करने हेतु उन्हें समय से नोटिस देकर कड़ाई के साथ उन्हें वेन्डिंग जोन में शिफ्ट करने की कार्यवाही की जाय। इसी प्रकार ई-रिक्शा के सम्बन्ध में रूट चिन्हित करने, पार्किंग की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये।

# उत्तर प्रदेश क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में तेजी से अग्रसर

बहराइच । स्वस्थ नागरिक राष्ट्र की समृद्धि के आधार स्तम्भ होते है। किसी भी देश व प्रदेश की प्रगति का मापदण्ड उसमे निवास करने वाले नागरिक के स्वास्थ्य की स्थिति से ही जाना जाता है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने क्षयरोग मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये है। प्रदेश में क्षय रोगियों को बेहतर आधुनिक जाँच उपलब्ध कराने हेतु प्रयोगशाला नेटवर्क का विस्तार किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में 926 नैट मशीनें एवं 14 कल्चर डीएसटी प्रयोगशाला के द्वारा प्रदेश के क्षय रोगियों को नि:शुल्क जाँच सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। प्रदेश में 25 नोडल ड्रग रेजिस्टेन्ट टीबी केंद्र एवं 56 जनपदीय ड्रग रेजिस्टेन्ट टीबी केंद्र दवा प्रतिरोधी टीबी का नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है। नोडल डी0आर0टी0वी0 सेन्टरों में एमडीआर/एक्सडीआर क्षय रोगियों हेतु बीडाक्यूलीन एवं डिलामिनिड आधार रेजीमेन उपचार हेतु उपलब्ध है।वर्ष 2024 में एक्टिव केस फाइंडिंग गतिविधि अभियान के दौरान कुल 15,321 टीबी के मामलों को डायग्नोज एवं उनका उपचार किया गया है। साथ ही 2.45 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग करते हुए 90 हजार नये टीबी मरीजो की पहचान करते हुए इलाज शुरू किया गया है। टी0बी0 मुक्त स्थिति की दिशा में प्रगति के प्रमाणन के तहत 7 जिलों हापुड़, कौशांबी, संत रविदास नगर, शामली, बलरामपुर, उन्नाव, सोनभद्र को कांस्य पदक में और 04 जिलों जालौन, मुजफरनगर, बुलंदशहर, पीलीभीत को रजत पदक से वर्ष 2022-23 में भारत सरकार द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च, 2023 के अवसर पर सम्मानित किया है। प्रदेश के समस्त जनपदों में क्षयरोगियों के नमूनों को माइक्रोस्कोपिक सेन्टर से जनपद मुख्यालय तथा कल्चर प्रयोगशाला तक पहुंचाने हेतु डाक विभाग से राज्य स्तर पर अनुबंध किया गया है जिससे संबंधित प्रयोगशाला में नमूनों को शीघ्र पहुंचाया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आम) पर प्रत्येक माह की 15 तारीख को नि:क्षय दिवस मनाया जा रहा है जिसमें संभावित क्षय रोगियों को चिन्हित कर उनका उपचार शुरू करना, टीबी के इलाज छोड चुके मरीजों को पुन: उपचार में लाना एवं निक्षय पोषण योजना डीबीटी हेतु बैंक विवरण की इन्ट्री करना प्रमुख है। प्रधान मंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत क्षय रोगियों को प्रदेश में विभिन्न सामाजिक संगठनों/लोकोपकारी संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा गोद लिया जा रहा है। दिनांक 17 फरवरी, 2025 तक निक्षय पोर्टल के आंकडानुसार प्रदेश के समस्त जनपदों में कुल 3.53 लाख क्षय रोगियों को गोद लिया गया है।प्रदेश में जून 2021 से प्रति माह दो बार दवा प्रतिरोधी टीबी के जटिल मामलो पर ''डिफिकल्ट टू ट्रीट टीबी क्लीनिक'' वर्चुअल माध्यम से चर्चा की जा रही है एवं उसका समाधान करने के लिए प्रदेश के समस्त मेडिकल कालेज के क्षय रोग विशेषज्ञ द्वारा जटिल क्षय रोग केस की विस्तृत चर्चा से राममान करते है। प्रदेश के चार ड्रग स्टोर आगरा, लखनऊ बरेली तथा वाराणसी से सम्बद्ध जनपदों को आवंटित औषधियों/जनपदीय ड्रग स्टोर के माध्यम से समस्त क्षय रोगियों को उपलब करायी जाती है। स्टेट टीबी ट्रेनिंग एण्ड डिमान्सट्रेशन सेन्टर (एस0टी0डी0सी) आगरा को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन हेतु उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया गया है तथा समस्त एन0टी0ई0पी0 के कर्मचारियों एवं चिकित्सको को प्रशिक्षण आवश्यकतानुसार दिया जा रहा है। वर्तमान में एसटीडीसी-एस0जी0पी0जी00आई0 लखकऊ एवं 100 शैय्या टीबी अस्पताल/चारु चंद्रदास मेमोरियल टीबी अस्पताल, गोरखपुर में स्थापित किया जा रहा है।प्रदेश के समस्त क्षय रोगियों की एचआईवी की जांच एवं उपचार नि:शुल्क, टीबी-एच0आई0वी0 समन्वय कार्यक्रम के अंतर्गत क्षय रोगियों की एचआई0वी0 की जांच 99 प्रतिशत सुनिश्चित की जा रही है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान में भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 में 6.50 लाख क्षय रोगियों के निर्धारित नोटीफिकेशन लक्ष्य के सापेक्ष कुल 6,81,655 क्षय रोगी निक्षय पोर्टल पर पंजीकृत किये गये है। वर्तमान में प्रदेश में इलाज की सफलता दर वर्ष 2017 में जहाँ 29 प्रतिशत थी वह बढ़कर 2024 में 94 प्रतिशत हो गई है। भारत सरकार द्वारा निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत पंजीकृत समस्त क्षय रोगियों को डी0बी0टी0 के माध्यम से रू0500/- प्रति माह की दर को बढ़ाकर 01 नवम्बर 2024 से रु01000/- प्रति माह कर दिया गया है। प्रदेश में दिनांक 17.02.2025 तक 28.31 लाख क्षय रोग लाभार्थियो को रू0820.32 करोड़ का भुगतान किया गया है। टीबी रोगियों में से 90 प्रतिशत मरीजों की एच0आई0वी0 और 97 प्रतिशत मरीजों की मधुमेह की स्थिति ज्ञात है। प्रदेश में 05 क्षेत्रीय क्षय कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई (आर0टी0पी0एम0) आगरा-17 लखन्ऊ-18 बरेली-18 गोरखपुर 10 एवं वाराणसी-11 से सम्बधित जनपदों के एन0टी0ई0पी0 के संकेतांको की समीक्षा एवं पर्यवेक्षण कर इलाज लगातार करते हुए क्षय रोग मुक्त प्रदेश बनाने में ठोस कार्य किये जा रहे है।

# वार्षिक स्थानान्तरण नीति के सम्बन्ध में डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक





बहराइच । सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों की वार्षिक स्थानान्तरण नीति वर्ष 2025-26 के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि समूह ''ग'' हेतु पटल परिवर्तन/क्षेत्र परिवर्तन के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश के अनुसार नियमानुसार अधिकतम 20 प्रतिशत की सीमा तक कार्मिकों का पटल/क्षेत्र परिवर्तन किये जाने की कार्यवाही कड़ाई के साथ सुनिश्चित की जाये। स्थानान्तरण की कार्यवाही में एक ही पटल/क्षेत्र में काफी अर्से से तैनात कर्मचारियों की वरीयता क्रम में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायें।डीएम ने निर्देश दिया कि कलेक्ट्रेट, तहसील, नज़ारत, ब्लाक, विकास विभाग, बेसिक शिक्षा, समाज कल्याण व चिकित्सा जैसे बड़े अधिष्ठान सहित सभी विभाग कार्यरत समूह ''ग'' अन्तर्गत वरिष्ठ लिपिक, कनिष्ठ लिपिक, सचिव व लेखपाल सहित अन्य संवर्ग तथा समूह ''घ'' के कर्मियों के पटल/क्षेत्र परिवर्तन के सम्बन्ध में 15 दिवस में अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि ऐसे कर्मचारी जिनका समय पूरा न हुआ किन्तु किसी परेशानी के कारण पारस्परिक सहमति से स्थानान्तरण चाहते हैं तो स्थानान्तरण नीति-2025 का पालन करते हुए उनके प्रस्तावों पर विचार किया जाय। डीएम ने यह भी कहा कि कर्मचारियो से 02 विकल्प प्राप्त कर शासकीय कार्यहित को देखते हुए पटल/क्षेत्र परिवर्तन की कार्यवाही अमल में लायी जाये। विकास से सम्बन्धित सभी विभागों में समूह ''ग'' व ''घ'' के कर्मचारियों के पटल/क्षेत्र परिवर्तन की कार्यवाही के लिए डीएम द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, राजस्व के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी तथा नगर निकाय के लिए अपर जिलाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीएम ने निर्देश दिया कि नवनियुक्त लेखपालों, अमीनों व सचिवों को प्रतिदिन निश्चित समय के लिए टाईपिंग सीखने के लिए प्रेरित करें तथा 01 माह पश्चात टाईप टेस्ट लेकर प्रगति का मूल्यांकन करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, डीडीओ राजेश कुमार, पीडीडीआरडीए अरूण कुमार सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारी तथा समस्त उप जिलाधिकारियों द्वारा बैठक में वर्चुअली प्रतिभाग किया गया।

# प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन ने विहान बालिका एवं बालक विद्यालयों का किया भ्रमण





बहराइच । प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन डा. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम ने उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव श्रीमती पूजा यादव के साथ जनपद बहराइच का भ्रमण किया। लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन पहुंचने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ प्रमुख सचिव श्री सुन्दरम को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रमुख सचिव श्री सुन्दरम द्वारा विहान बालिका आवासीय विद्यालय व विहान बालक आवासीय विद्यालय तथा जिला सेवायोजन कार्यालय एवं सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय का निरीक्षण किया गया । एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान प्रमुख सचिव श्री सुन्दरम ने श्रम विभाग द्वारा संचालित विहान बालक व बालिका आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण कर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा छात्र-छात्राओं के साथ संवाद करते हुए पठन-पाठन की गुणवत्ता, बच्चों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा बच्चों से उनके पारिवारिक पृष्ठभूमि की बाबत पूछते हुए उन्हें पूरी शिद्दत के साथ पढ़कर समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। प्रमुख सचिव ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार दे तथा खेल व कला सहित अन्य गतिविधियों के लिए भी प्रोत्साहित किया जाय।विहान विद्यालय के निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता को परखने के लिए प्रमुख सचिव श्री सुन्दरम ने अन्य अधिकारियों के साथ कतारबद्ध बैठ कर बच्चों के साथ भोजन ग्रहण किया। प्रमुख सचिव ने शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिक्षा की गुणवत्ता व उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं का जायज़ा लेते रहें। श्री सुन्दरम ने निर्देश दिया कि अध्ययनरत बच्चों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं मानक के अनुसार उपलब्ध करायी जायें। विहान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय पहुंचे प्रमुख सचिव के सम्मुख सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं योगाभ्यास की मनमोहक प्रस्तुति भी की गई।जिला सेवायोजन कार्यालय के भ्रमण के दौरान प्रमुख सचिव महोदय द्वारा एमसीसी सेंटर का निरीक्षण किया एवं पिछले एक वर्ष में की गई करियर काउंसिलिंग की प्रगति का फीडबैक प्राप्त करने और काउंसिलिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। सहायक श्रम आयुक्त बहराइच के कार्यालय के निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव द्वारा साफ सफाई एवं कार्यालय के रख रखाव एवं कार्यालय संचालन पर संतुष्टि व्यक्त की गई एवं श्रमिकों की समस्याओं का प्राथमिकता पर त्वरित निस्तारण कराने निर्देश दिये गये। सहायक श्रमायुक्त को निर्देश दिया गया कि 12 जून को अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जनपद में बाल श्रम उन्मूलन हेतु वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाय। जिसमें मा. जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाय। भ्रमण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उपश्रम आयुक्त मुख्यालय शमीम अख्तर, उपश्रम आयुक्त देवीपाटन मण्डल अनुभव वर्मा, सहायक श्रम आयुक्त बहराइच सिद्धार्थ मोदियानी, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, वार्डन विहान बालिका विद्यालय प्रिया, बालक विद्यालय के असद, लखनऊ यूनिवर्सिटी से शिप्रा ,प्रभाकर आदि उपस्थित रहे।

# धर्म परिवर्तन के विरोध में पंजाबी अकादमी ने सौंपा ज्ञापन




कानपुर। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली समेत प्रदेश के पीलीभीत में सिख समाज के लोगों के कराए जा रहे धर्म परिवर्तन के विरोध में आज उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के सदस्य डीएम से मिलने पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि पीलीभीत में 3 हजार लोगों का जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया है। सदस्यों ने मामले की पूरी जांच कराए जाने की मांग की।सरदार गुरविंदर सिंह छाबड़ा विक्की के अगुवाई में धर्म परिवर्तन के विरोध में प्रतिनिधि मंडल डीएम कार्यालय पहुंचा। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह को सौंपते हुए कहा कि देश के तमाम जिलों समेत प्रदेश के पीलीभीत में प्रलोभन देकर लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। ऐसे मामलों की पूरी जांच भारत की उच्च स्तरीय एजेंसी से कराई जाए। पंजाबी अकादमी के सदस्यों ने मांग की, कि विदेशी फंडेड संगठनों की गतिविधियों की जांच की जाए। सीमावर्ती क्षेत्रों में विदेशी संगठनों की बढ़ ?ती सक्रियता पर जांच कर तुरंत रोक लगाई जाए। इस मौके पर डॉ मनप्रीत सिंह, रिंपी बिंद्रा, चरनजीत सिंह नामी, रविंदर सिंह सोमी, गगन सोनी, करनैल सिंह, बब्लू वीर, विशाल सिंह, चनबीर सिंह मौजूद रहे।

# प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर दिव्यांग पुनर्वास केंद्र होंगे स्थापित : मुख्यमंत्री



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांग युवाओं के लिए संचालित शैक्षिक संस्थानों में प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया है। बुधवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गतिविधियों की ओर प्रवृत्त करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। ऐसी प्रवृत्तियों के प्रति हमें पूर्णत: सतर्क रहते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि इन संस्थानों में सहायता के नाम पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहन जांच-पड़ताल के उपरांत ही उनकी अनुमति दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटरों, मानसिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों तथा 'ममता', 'स्पर्श' और 'संकेत' विद्यालयों का व्यापक निरीक्षण किया जाए। यहां अध्ययनरत बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं, आकांक्षाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए और जब तक नियमित नियुक्ति न हो, तब तक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं। इन युवाओं को भविष्य की चयन प्रक्रियाओं में वेटेज प्रदान किया जाना चाहिए।बैठक में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं, उपलब्धियों तथा कार्ययोजनाओं की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त कल्याणकारी योजनाएं पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुसज्जित हों तथा लक्षित लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से लाभ प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते आठ वर्षों में विभाग के बजट में दस गुना से अधिक वृद्धि की गई है, जो दिव्यांगजनों के प्रति सरकार की संवेदनशील प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत वर्तमान में 11.04 लाख लाभार्थियों को 1300 करोड़ की पेंशन राशि वितरित की गई है, जबकि कुष्ठरोग पीड़ित लगभग 12 हजार व्यक्तियों को 3000 प्रतिमाह की दर से सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्यस्तरीय अभियान चलाकर यह पता लगाया जाए कि किन पात्र व्यक्तियों को अभी तक पेंशन नहीं मिल रही है, साथ ही जो अपात्र लाभ ले रहे हैं, उन्हें भी चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि बीते वित्तीय वर्ष में 35,136 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, ब्रेल किट्स जैसे सहायक उपकरणों के लिए 28.93 करोड़ की सहायता दी गई है। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना के अंतर्गत 270 अत्यंत दिव्यांगजन को ?2 लाख तक की मशीनें उपलब्ध कराई गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रदेश के लाभार्थियों तक पूरी तत्परता से पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना में सांसदों और विधायकों से भी अपनी निधि से सहयोग देने का आग्रह किया जाए।दिव्यांगजनों को राज्य परिवहन निगम की बसों में नि:शुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में जानकारी दी गई कि बीते वित्तीय वर्ष में 31 लाख से अधिक दिव्यांगजनों ने इस सुविधा का लाभ उठाया।कोक्लियर इम्प्लांट योजना% की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना तभी प्रभावी हो सकती है, जब नवजात स्तर से ही उपचार प्रारम्भ हो। उन्होंने निर्देश दिए कि हाल ही में योजना से लाभान्वित 214 बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति का फॉलोअप करते हुए उनके परिवारों से संवाद स्थापित किया जाए।शैक्षिक क्षेत्र की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि 25 जनपदों में स्थापित चाइल्ड डे केयर सेंटरों में दृष्टि, श्रवण एवं मानसिक रूप से दिव्यांग 1390 बच्चों को आवश्यक प्रशिक्षण एवं शिक्षा दी जा रही है। वर्तमान में राज्य में संचालित 16 विशेष विद्यालय, 07 समेकित विद्यालय एवं 05 मानसिक पुनर्वास केंद्रों के माध्यम से 1680 बच्चों को आवासीय शिक्षा प्रदान की जा रही है।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लखनऊ स्थित 'डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय' तथा चित्रकूट स्थित 'जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय' में कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए और इन संस्थानों का प्रचार-प्रसार राष्ट्रीय स्तर पर किया जाए ताकि देशभर के इच्छुक दिव्यांगजन इन संस्थानों से जुड़ सकें।बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि अब तक प्रदेश में 15 लाख दिव्यांगजन यूडीआईडी पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं, जिनमें अधिकांश को यूनिक आईडी कार्ड निर्गत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर 'दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों' की स्थापना प्राथमिकता के आधार पर की जाए ताकि पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकें।

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज दक्षिणी (अ ख ) कक्ष संख्या 24 महोदय सुलतानपुर
प्र वाद संख्या -136/2025 (एन आर )
तारीख पेशी -14/07/2025
राजेन्द्र कुमार - बनाम - गिरीश
बनाम-गिरीश सुत स्व राम पियारे निवासी ग्राम बोधई का पुरवा पोस्ट दरपीपुर गढ़ामाफी परगना अमेठी तहसील गौरीगंज जनपद अमेठी
बनाम-हरखास आम निवासी ग्राम बोधई का पुरवा पोस्ट दरपीपुर गढ़ामाफी परगना अमेठी तहसील गौरीगंज जनपद अमेठी
चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 07 के 14 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।
आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी महोदय सदर जनपद सुलतानपुर
वा संख्या - D 202504680002506/24
तारीख पेशी -12/06/2025
लाल बहादुर सिंह - बनाम - त्रिपतिनाथ सिंह आदि
बनाम - 1 त्रिपतिनाथ सिंह सुत बलवंत बहादुर सिंह 2 श्रीमती फूला देवी पत्नी त्रिपतिनाथ सिंह 3 समरबहादुर सिंह सुत बलवंत बहादुर सिंह 4 राजकुमार सिंह 5 प्रदीप सिंह 6 गौरव सिंह सुतगण समर बहादुर सिंह निवासी ग्राम पलिया परगना मीरानपुर तहसील सदर जनपद सुलतानपुर 7 ग्राम पंचायत पलिया द्वारा ग्राम प्रधान पलिया परगना मीरानपुर तहसील सदर जनपद 8 राज्य उ प्र द्वारा जिलाधिकारी महोदय सुलतानपुर
चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 06 के 12 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।
आज्ञा से न्यायालय

# अधेड़ किसान ने जहर खाकर की आत्महत्या

**सुसाइड नोट में ग्राम प्रधान, इनायतनगर थाना प्रभारी और उप निरीक्षक पर गम्भीर आरोप**

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** थाना कोतवाली इनायत क्षेत्र के देवनपारा पूरे दुबान गांव में मंगलवार की शाम एक दुखद घटना ने ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया। यहां के 45 वर्षीय किसान सूर्यनायक ने शाम करीब 6 बजे जहर खाकर आत्महत्या कर ली।

परिजनों ने उन्हें तुरंत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें सूर्यनायक ने कई चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। नोट में उन्होंने गांव के ग्राम प्रधान पर 50 हजार रुपये उधार लेने और वापस न करने का आरोप लगाया है। इसके अलावा, सूर्यनायक ने अपने भाई शिवनायक दुबे, उनकी पत्नी और पुत्र पर ग्राम प्रधान का साथ देने का इल्जाम लगाया है। सुसाइड नोट में इनायतनगर थाना प्रभारी और उप निरीक्षक का भी नाम शामिल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इस घटना ने गांव में तनाव का माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीणों और मृतक के परिजनों ने ग्राम प्रधान और सुसाइड नोट में नामजद लोगों के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है। परिजनों ने मांग की है कि सुसाइड नोट में लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

सुसाइड नोट में उल्लिखित आरोपों की सत्यता की पड़ताल के लिए, ग्राम प्रधान व मृतक के भाई और उनके परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है। मिल्कीपुर के क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच के बाद केस दर्ज किया जाएगा।

# अयोध्या को मिलेगा एक और पथ का तोहफा

**« राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ के बाद अब अयोध्या में बनेगा भरत पथ « 900 करोड़ रुपए से भरत पथ को बनाया जाएगा « 20 किलोमीटर का होगा यह पथ, रानोपाली, विद्या कुंड से दर्शन नगर होते हुए भरतकुंड तक जाएगा**

**अयोध्या।** जहां भगवान श्रीराम के जन्म और उनकी लीलाओं की गाथाएं हर कण में बसी हैं, वहां अब एक और भव्य मार्ग का उपहार मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से राम पथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ के बाद अब अयोध्या में भरत पथ का निर्माण प्रस्तावित है। यह नया मार्ग भगवान राम के छोटे भाई और तपस्वी भरत की तपोस्थली भरतकुंड को जोड़ेगा, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन में और अधिक सुविधा मिलेगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 900 करोड़ रुपये है और इसका प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग ने मुख्यालय को भेज दिया है। यह मार्ग न केवल धार्मिक महत्व को बढ़ाएगा, बल्कि अयोध्या को विश्वस्तरीय धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में और सशक्त करेगा।

योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या को वैश्विक धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी के रूप में विकसित करने का कार्य तेजी से चल रहा है। राम मंदिर के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। देश-विदेश से लाखों लोग रोजाना रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। इस बढ़ती भीड़ को सुगम और सुरक्षित यातायात सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार कई मार्गों का निर्माण और चौड़ीकरण कर रही है। राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ, और अब भरत पथ के अलावा पंचकोसी और चौदहकोसी परिक्रमा मार्गों के भी चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है।

भरत पथ की कुल लंबाई 20 किलोमीटर होगी। यह मार्ग राम पथ के किनारे रानोपाली रेलवे क्रॉसिंग से शुरू होकर विद्याकुंड और दर्शननगर होते हुए प्रयागराज हाईवे पर भरतकुंड तक जाएगा। वर्तमान में यह मार्ग टू-लेन है। सड़क के दोनों तरफ 9-9 मीटर चौड़ाई होगी और बीच में 2.5 मीटर का डिवाइडर बनाया जाएगा। इस डिजाइन से मार्ग न केवल सुगम होगा, बल्कि यातायात के दृष्टिकोण से भी सुरक्षित और व्यवस्थित रहेगा। भरत पथ को राम पथ की तर्ज पर भव्य और भक्ति भाव से परिपूर्ण बनाया जाएगा, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेगा।

भरतकुंड का रामायण में विशेष स्थान है। मान्यता है कि भगवान राम के वनवास के दौरान उनके अनुज भरत ने यहीं 14 वर्षों तक तपस्या की थी। राम के वनवास से लौटने पर उन्होंने यहीं अपने पिता राजा दशरथ का पिंडदान किया था। इस स्थल पर एक पौराणिक सरोवर भी है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र है। पूर्वांचल और प्रयागराज से आने वाले श्रद्धालु इस पवित्र स्थल पर दर्शन-पूजन के लिए विशेष रूप से आते हैं। भरत पथ के निर्माण से इन श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा होगी और अयोध्या की धार्मिक यात्रा और अधिक सुगम हो जाएगी।

लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता एसपी भारती बताया कि भरत पथ के लिए डीपीआर मुख्यालय को भेज दी है। इस डीपीआर में 900 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत का उल्लेख है। स्वीकृति मिलते ही इस पर काम शुरू हो जाएगा। मार्ग पर दूधिया रोशनी कराने के लिए लाइटिंग की भी व्यवस्था की जाएगी।

## गोसाईगंज नगर में नाला-नाली का सफाई कार्य जोरों पर

**अयोध्या।** 'बरसात के दिनों में नाला नाली चोक न हो,इसके लिए गोसाईगंज पंचायत प्रशासन ने अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है। अधिशाषी अधिकारी सीमा राय के निर्देश पर सफाई नायक जैशराज गौड की देखरेख में सफाई कर्मियों की टीम युद्ध स्तर पर चोक हुई नाले नालियों की सफाई बीते एक सप्ताह से कर रही है।कार्यालय कर्मी शिव शंकर वर्मा ने बताया कि कस्बे का पहला नाला रानी लक्ष्मी बाई चौक से नगर पंचायत कार्यालय होते हुए पंडित दीनदयाल चौक तक,दूसरा नाला शहीद वारी से शुरू होकर डॉ अंबेडकर चौक,मेंन रोड होते हुए पूर्व सभासद बजरंग चौरसिया के मकान से बंधे तक,तीसरा नाला कस्बे के कटरा निवासी दिनेश जायसवाल के मकान से पूर्व चेयरमैन सुंदर लाल जायसवाल तक तथा चौथा नाला बन राजा बस्ती से संत रविदास चौक तक गया हुआ है। ईओ सीमा राय ने बताया की नाले नालियों की सफाई के लिए बाहर से दर्जनों सफाई कर्मियों को बुलाया गया है तथा दो तिहाई से अधिक सफाई का काम पूर्ण हो चुका हैं।सफाई कार्य में कोई लापरवाही न हो इसके लिए हर दूसरे दिन वह खुद इसकी मॉनिटरिंग करते हुए इसका स्थलीय सत्यापन करती रहती हैं। सफाई नायक जैशराज गौड ने बताया कि मई माह के अंत तक सभी नाले नालियों की सफाई का काम पूर्ण कर लिया जाएगा।

# जनता की समस्याओं को अनदेखा कर रहा है नगर निगम : सरोज



**अयोध्या।** जल निकासी बंद नाली नल में पानी न आना लाइट और सड़क की जटिल समस्या है वार्डों में समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने बताया कि नगर निगम अयोध्या के वार्डो में शहर के मोहल्ले में नालियां बजा रही है पानी का कहीं निकास नहीं है सफाई कर्मी सफाई नहीं कर रहे हैं कहीं सड़के टूटी हुई है वहां मरम्मत नही हो रहा है कहीं लाइट नहीं है तमाम ऐसी व्यवस्थाएं जो अस्त व्यस्त हैं जिससे जनता परेशान है। बरसात का मौसम आने वाला है जल निकासी कोई व्यवस्था नही है। नालियों की न होने से तमाम बीमारियां फैलेंगी जिससे जनता परेशान होगी। महापौर जी वार्डन का दौरा तो कर रहे हैं लेकिन सच से अभी बहुत दूर है।अयोध्या-फैजाबाद शहर के किनारे किनारे के 41गांव आज भी विकास को तरस रहे हैं यही नही जिन-जिन गांवों को नगर निगम अयोध्या में समाहित किया गया है यहां के लोग न केवल जीवन जीने को मजबूर हैं आश्चर्य की बात तो यह है कि अभी तक किसी भी प्रकार का विकास इन क्षेत्रों में नहीं किया गया है परंतु यहां के भूखंड एवं गृहस्वामियों के नाम नगर निगम की ओर से नोटिस काटने का काम किया जा रहा है।

## छत से गिरकर अधेड़ घायल, गंभीर अवस्था में चल रहा इलाज

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र के गांव तहसीनपुर के निवासी अधेड़ किस कुमार यादव उम्र लगभग 55 वर्ष मंगलवार की रात लगभग 3 बजे अपने तिमंजिले मकान के रेलिंग विहीन दूसरे मंजिल से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें परिजनों ने रात में ही जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बुधवार को दोपहर हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उपचार के लिये लखनऊ रेफर किया है।

# राजा परीक्षित मोक्ष एवं सुदामा चरित्र के साथ कथा का समापन



**आलापुर (अम्बेडकरनगर)।** तहसील क्षेत्र आलापुर के अन्तर्गत करमनपुर में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ चल रही है। कथा का आयोजन माता प्रसाद पाण्डेय द्वारा किया जा रहा है। कथा ज्ञानयज्ञ में अयोध्या धाम से पधारे कथाव्यास प्रशान्तानन्द जी महाराज द्वारा किया जा रहा है। कथा के समापन पर मंगलवार को उन्होंने सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में एक मित्र होना बहुत जरूरी है और वह मित्र भी होना चाहिए, सुदामा की तरह निस्वार्थ, निष्कपट, निश्चल मित्रता भगवान श्री राम और सुग्रीव की थी। वही मित्रता भगवान कृष्ण और सुदामा की थी। हम आज भी हम कहते हैं कि मित्रता हो तो कृष्ण और सुदामा जैसी। इसके बाद परीक्षित का मोक्ष की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जिस शरीर के साथ हम पैदा हुए इसके जिम्मेदार हम नहीं है, परंतु जो चरित्र और किरदार के साथ हम विदा होंगे उसके जिम्मेदार हम स्वयं होंगे। इसलिए कितनी ही विकट स्थिति क्यों ना आ जाए हमें अपने कर्तव्य पूर्ण रूप से ईमानदारी से निर्वाह करना चाहिए। इस भाग दौड़ की जिंदगी में यह सांस कब बंद हो जाए पता नहीं। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में कितनी ही विकट परिस्थितियों आ जाएं लेकिन इंसानों को अपने कर्तव्य से नहीं भटकना चाहिए। कर्तव्यों का पालन पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करना चाहिए।

इस अवसर पर सूरज पाण्डेय,अश्वनी पाण्डेय,विनोद पाण्डेय, प्रधान वागपथ, योगेंद्र पाण्डेय, दयाशंकर पाण्डेय, प्रदीप,रामनाथ पाण्डेय, हरिवंश दूबे, शिवानन्द दूबे सहित क्षेत्र के अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

# पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन टप्पेबाजों को बरामदगी के साथ किया गिरफ्तार



**बाराबंकी।** दिनांक 14.05.2025 को पंकज सोनी पुत्र स्व0 रामसुन्दर सोनी निवासी घाटमपुर आशानगर,कोटद्वार थाना घाटमपुर दक्षिणी जनपद कानपुर नगर द्वारा सूचना दिया गया कि वह कस्बा देवा निवासी श्रीकान्त सोनी की मां वैष्णवी ज्वैलर्स की दुकान पर काम करता है। दिनांक- 12 व 13 मई 2025 को हिमांशु नाम के व्यक्ति द्वारा उसकी दुकान से सोने के सिक्के खरीदे गये तथा 03 और सोने के सिक्कों की डिमाण्ड की गई। दिनांक- 14.05.2025 को हिमांशु अपने साथी के साथ दुकान पर आकर 03 सोने के सिक्कों को देखने के बहाने उसे चकमा देकर सिक्के लेकर भाग गये। उक्त सूचना पर थाना देवा में मु0अ0सं0- 283/2025 धारा- 316(2)/318(4)/317(2) बीएनएस बनाम हिमांशु व अन्य पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा घटना के अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसी क्रम में स्वाट एवं सर्विलांस व थाना देवा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा तीन अभियुक्तों मो0 सलीम पुत्र मो0 रफीक निवासी सहानजफ इमामबाडा म0 नं0 43 राणा प्रताप मार्ग थाना हजरतगंज जनपद लखनऊ, अजीम अहमद पुत्र बल्लु सिद्दिकी निवासी मो0 रिवरगंज कॉलोनी, गोला गंज थाना वजीरगंज जनपद लखनऊ, मो0 रफीक पुत्र मो0 जलाली निवासी म0नं0 41 मो0 सहानजफ इमामबाडा थाना हजरतगंज जनपद लखनऊ को दिनांक- 21.05.2025 को सिपहिया मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अदद पीली धातु के सिक्के, 01 अदद सफेद धातु का सिक्का, 02 अदद तमंचा मय 02 अदद जिन्दा कारतुस .315 बोर, 03 अदद मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त एक अदद चोरी की मोटर साइकिल बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 296/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 317(2) पंजीकृत किया गया। पूछताछ एवं जांच से प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण का एक गिरोह है, जिनके द्वारा अन्य जनपदों में भी ठगी की ऐसी घटनाएं कारित की जा चुकी हैं, जिसके सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी की जा रही है। अभियुक्तगण द्वारा पहले ज्वैलर्स व दुकानदार का विश्वास जीतने के लिए उसकी दुकान पर जाकर पहले रूपये देकर ज्वैलरी व सामान खरीदा जाता है तथा और अधिक ज्वैलरी की डिमांड की जाती है एवं उसके लिए अपना फर्जी नाम बताकर कुछ एडवांस धनराशि देकर ज्वैलरी व सामान की बुकिंग की जाती है एवं निश्चित तिथि पर दुकान पहुंचकर ग्राहक को बातों में उलझाकर उसे चकमा देकर ज्वैलरी व सामान लेकर भाग जाते हैं। बरामद मोटरसाइकिल अभियुक्तगण द्वारा कमिश्नरेट लखनऊ के थाना इन्दिरा नगर से चोरी की गई है, जिसके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है। बरामदगी के साथ अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना देवा से प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी,उ0नि0 छद्दू चौधरी, हे0का0 जितेन्द्र कुमार राय,का0 सूरज जायसवाल, का0 रिंकु, का0 अर्जुन व स्वाट टीम से निरीक्षक ब्रजकिशोर सिंह प्रभारी स्वाट टीम, उ0नि0 मिथिलेश चौहान,उ0नि0 अजीजुल हसन, हे0का0 बलवन्त सिंह, हे0का0 अंगद गौड़,हे0का0 जितेन्द्र बहादुर सरोज, हे0का0 मुकेश यादव, का0 प्रवीण शुक्ला, का0 जरनैल सिंह, का0 अभय कुमार, का0 अंकित तोमर, का0 अभिषेक राजवंशी, का0 नितिन कुमार तथा सर्विलांस टीम से उ0नि0 अजय सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल, हे0का0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह, हे0का0 जितेन्द्र वर्मा, हे0का0 मजहर अहमद, हे0का0 चन्द्रभान, हे0का0 पवन गौतम, का0 शैलेन्द्र कुमार, का0 अंकुर, का0 रवीन्द्र कुमार का प्रसंसनीय योगदान रहा।

# राजकीय आईटीआई एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय बेनीगंज, अयोध्या में हुआ रोजगार मेले का आयोजन



**अयोध्या।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बेनीगंज, अयोध्या में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया और बड़ी संख्या में युवाओं ने रोजगार के अवसरों के लिए भागीदारी की। रोजगार मेले का उद्घाटन संस्थान के प्राचार्य द्वारा किया गया। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल नौकरी के अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि छात्रों को उद्योग की मांग और आवश्यकताओं से भी अवगत कराते हैं।मेले में टेक्निकल, नॉन-टेक्निकल और स्किल्ड ट्रेड्स के उम्मीदवारों का चयन किया गया। कंपनियों ने ऑन-द-स्पॉट इंटरव्यू के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर दिए। उद्योगों और संस्थानों के बीच समन्वय स्थापित कर युवाओं को रोजगार दिलाने की यह पहल सराहनीय रही। प्रतिभागी युवाओं ने इस आयोजन की सराहना की और इसे अपने करियर निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। रोजगार मेले में सीनियर असिस्टेंट अजीत सिंह रतन कुमार विक्रम शकला मौजूद रहे।

## अवध विवि की एनईपी पीजी सम-सेमेस्टर परीक्षाएं 22 से

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से आच्छादित एमए, एमएससी एवं एमकॉम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 02 जून तक चलेगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए यूजी के 494 केन्द्रों पर पीजी सेमेस्टर परीक्षा कराई जायेगी। दो पालियों की परीक्षा में कुल 97802 परीक्षार्थी शामिल होंगे जिनमें 30681 छात्र व 67121 छात्राएं होंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति कर्नल डॉ0 बिजेन्द्र सिंह के निर्देश पर शासन के मंशानुरूप नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सम्बद्ध महाविद्यालयों को यथा आवश्यक निर्देश प्रदान कर दिए है। प्रथम पाली की परीक्षा प्रात: 10 से 12 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 03 बजे से सायं 05 बजे तक सम्पन्न होगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल ने बताया कि विवि व सम्बद्ध महाविद्यालयों की पीजी सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 02 जून तक चलेगी। सकुशल परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए सात जनपदों में कुल 19 नोडल केन्द्र बनाये गए है। सचलदल व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा कराई होगी। डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि पारदर्शीपूर्ण परीक्षा के लिए समस्त केन्द्राध्यक्षों को सूचित किया जा चुका है।

# विद्यालय में वार्षिक परीक्षाफल वितरण का हुआ आयोजन

**प्रथम, द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को शील्ड, मेडल,प्रशस्ति पत्र दे किया पुरस्कृत**



**शुजागंज अयोध्या ।** शिक्षा क्षेत्र रुदौली के अन्तर्गत गया दत्त राजनारायण जनविकास इंटर कॉलेज एवं जन विकास टेक्निकल संस्थान मीनापुर शुजागंज प्रागण मे वार्षिक परीक्षाफल, प्रशस्ति पत्र, मेडल, शील्ड वितरण कार्यक्रम समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों विद्यालयों के वार्षिक परीक्षा मे प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को शील्ड, मेडल, व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।विद्यालय प्रधानाचार्य सुरेन्द्र तिवारी ने कहा कि यदि विद्यार्थियों को जीवन मे कुछ बनना है तो उनको मोबाइल फोन से दूरी बनाये। वर्तमान समय मे बच्चे किताबों से ज्यादा पढ़े न कि ऑनलाइन क्लास का प्रयोग करें क्यों कि ऑनलाइन क्लास एवं किताब मे बहुत अंतर है। श्री तिवारी ने कहा कि शिक्षा एक ऐसी कुंजी है जिसको पाने से विद्यार्थी सीढ़ी दर सीढ़ी आगे कि ओर बढ़ता है इंसान को डॉक्टर, इंजिनियर, अध्यापक, आई एस, पी सी एस बनता है। इस अवसर पर शुभम तिवारी, शिवम तिवारी, धर्मेंदर कुमार राम अचल यादव,उमाशंकर मौर्य, राम गणेश वर्मा सहित समस्त अध्यापकगण, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# फ्राड कर निकाले गए 300000 को साइबर टीम ने कराया वापस




**बाराबंकी।** साइबर सेल जनपद बाराबंकी को ऑनलाइन 1930 के माध्यम से प्राप्त जिसमें आवेदक विश्वंभर सिंह पुत्र छेदनलाल निवासी कुरौली थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी ने क्विक सपोर्ट ऐप के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल हैक कर यूपीआई से रूपये ट्रांसफर किए जाने के सम्बन्ध में उल्लेख किया। संदर्भित प्रकरण में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम सेल एवं थाना द्वारा तत्काल बैंक व मर्चेंट से पत्राचार कर खाता होल्ड कराकर सम्पूर्ण धनराशि 3,00,000/- रूपये आवेदक के खाते में वापस कराया गया। फ्रॉड कर निकाली गई संम्पूर्ण धनराशि को खाते में वापस कराने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक संजीव कुमार यादव प्रभारी साइबर थाना जनपद बाराबंकी,निरीक्षक विनय प्रकाश राय प्रभारी साइबर सेल जनपद बाराबंकी,उ0नि0 इफलाक अहमद खान,मुख्य आरक्षी नीरज यादव, आरक्षी राजन यादव, आरक्षी अभिषेक चपराणा, आरक्षी सुधाकर सिंह भदौरिया साइबर सेल, आरक्षी पंकज सिंह साइबर थाना बाराबंकी का सराहनीय योगदान रहा।

# छह महीने बाद भी नहीं सुलझ सका युवती की हत्या का मामला

**पुलिसिया कार्यशैली पर उठ रहे सवाल**

**रजनीकांत तिवारी**



**गोण्डा /कटरा बाजार ।** कटरा बाजार थाना क्षेत्र में छह महीने पहले मिले एक अज्ञात युवती के शव की गुत्थी आज तक सुलझ नहीं सकी है। 6 अक्टूबर 2024 को मंशापुरवा के पास सड़क किनारे बोरे में मिली युवती की सिर कटी लाश ने उस वक्त पूरे क्षेत्र को दहला दिया था, लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी पुलिस इस ब्लाइंड मर्डर का न तो खुलासा कर सकी है और न ही मृतका की पहचान कर पाई है। इससे पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं और लोगों के बीच आक्रोश व्याप्त है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के दिन बाजार जा रहे लोगों ने सड़क किनारे एक बोरे में खून के धब्बे देखे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब बोरा खोला, तो अंदर एक 20 वर्षीय युवती का शव मिला, जिसके गले पर धारदार हथियार से काटे जाने के गहरे निशान थे। हत्या अत्यंत निर्मम तरीके से की गई थी। शव के पास एक टूटा सिम कार्ड भी बरामद हुआ, लेकिन वह सुराग देने में विफल रहा। पोस्टमॉर्टम 72 घंटे बाद हुआ, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई। इस जघन्य हत्या को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली शुरुआत से ही सवालों के घेरे में रही। ढिलाई के चलते तत्कालीन थाना प्रभारी संजय कुमार गुप्ता को एसपी विनीत जायसवाल ने लाइन हाजिर कर दिया था और 3 नवंबर को उनकी जगह तेजतर्रार अधिकारी राजेश सिंह को कमान सौंपी गई। मगर नए प्रभारी की कोशिशें भी बेनतीजा रहीं । छह महीने बाद भी नतीजा शून्य है ।न तो युवती की शिनाख्त हो पाई है, न ही हत्यारे का सुराग मिला है। इससे स्थानीय जनमानस में भारी असंतोष है। लोगों का कहना है कि पुलिस ने मामले की गंभीरता नहीं समझी और न ही तकनीकी संसाधनों का समुचित उपयोग किया गया।

अब यह मामला पुलिस विभाग की कार्यशैली और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही पर सवाल खड़े कर रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस हत्या का पर्दाफाश नहीं हुआ , तो यह केस न्याय प्रणाली पर से भरोसा उठाने का कारण बन सकता है ।

## प्रबंधक ने छात्रों को निशुल्क वितरित किया बैग



**अमानीगंज-अयोध्या।** क्षेत्र के श्री दरबारी लाल जन सहयोगी शिक्षण संस्थान कलुवामऊ के प्रबंधक ने विद्यालय में अध्यनरत समस्त छात्रों को निशुल्क बैग वितरित किया। निशुल्क बैग पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल गए। संस्थापक प्रबंधक प्रश्न कुमार लाल श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र मेहनत से पढ़ाई करेंगे तो निश्चित रूप से आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही देश समाज और स्वयं का सर्वांगीण विकास होता है। प्रबंधक ने छात्रों को मेहनत से पढ़ने और अगली कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव प्रदीप, प्रधानाचार्य डॉक्टर संदीप कुमार श्रीवास्तव, राम मनोहर, सुखदेव प्रसाद, सूर्यनाथ, वीरेंद्र कुमार सिंह, राकेश कुमार एवं विद्यालय के शिक्षक छात्र उपस्थित रहे।

# सीएम योगी कल करेंगे नवनिर्मित हनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण

**अयोध्या।** 23 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी अयोध्या दौरे पर आ रहे है। अपने इस दौरे के दौरान वे हनुमानगढ़ी मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की सुविधा का निर्मित भव्य नवनिर्मित हनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर महंतो ने एक बैठककर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। बैठक के बाद गद्दीनशीन हनुमानगढ़ी के डॉ महेश दास महाराज और सहयोगी महंत पट्टी बसंतिया गौरी शंकर दास महाराज ने बताया कि 23 मई को अखिल भारतीय श्री पंच रामानंदी निर्वाणी अखाड़ा के द्वारा भव्य नवनिर्मित हनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण मुख्यमंत्री के द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री उद्घाटन से पहले हनुमानगढ़ी मे पहुंच कर दर्शन पूजन करेंगे फिर उसके बाद मंडपम का लोकार्पण करेंगे। उन्होंने कहा यह मंडपम सांस्कृतिक विरासत के लिए किया गया है। जिसमें 4 से 5 हजार तक सत्संग और कथा किया जा सकेगे। जिसका उद्घाटन समारोह बनाने के लिए पूरी हनुमानगढ़ी कार्यक्रम में जुटी हुई है। जिसमें अयोध्या के प्रमुख मंदिरों के महंत के साथ सभी लोग शामिल होंगे।बता दे कि यह मंडपम श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हनुमानगढ़ी परिसर में निर्मित कराया गया है।

कार्यक्रम की तैयारियां चल रही हैं,और मंदिर प्रशासन की ओर से संत-महंतों एवं श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। इस मौके पर कई संत मौजूद रहे।



**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र सुमित को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता-दिनेश चन्द्र पुत्र नौमीलाल**
**ग्राम चन्दनपुरवा, पोस्ट नसीर नगर, थाना सफदरगंज, जिला बाराबंकी**

**श्री गनेश सिंह महाविद्यालय अहरन सुवंश, मिल्कीपुर, अयोध्या**

**सम्बद्ध - डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या**

**आवश्यकता है**

**स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय एंव वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत बि.लिब. तथा बी.काम. पाठ्यक्रम हेतु**

**प्रवक्ता** -स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बि.लिब. पाठ्यक्रम में 3 पद एवं स्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत बी.काम.पाठ्यक्रम में 6 पद हेतु। **योग्यता**- सम्बन्धित विषयों नेट/पीएच-डी। **वेतनमान**-यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व हस्ताक्षरित प्रतियों एव दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें ।

**देव बक्श सिंह, प्रबन्धक**